तापमान
अधिकतम 40.6 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025

15 जालसाजी की रकम ठिकाने लगाने में मददगार ...



16 आरंग-अभनपुर क्षेत्र में अनुमति बिना खदानों ...



# रेल नीर का संकट दूर करेंगी निजी ब्रांड की बोतलें, पुराने दाम में किनले, अमरकंटक-शिवनाथ नाम से मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

रेलवे स्टेशनों में रेल नीर की बोतल का संकट दूर करने के लिए रेलवे प्रशासन ने अब दूसरे ब्रांड की बोतल बेचने की मंजूरी दे दी है। इस निर्णय के तहत अब रेलवे स्टेशनों पर स्थित स्टॉल्स में किनले, अमरकंटक और शिवनाथ जैसे ब्रांड के पानी की बिक्री भी की जाएगी। यह फैसला खासतौर पर गर्मी के सीजन में यात्रियों की बढ़ती प्यास और पानी की कमी को देखते हुए लिया गया है। अब तक रेलवे में केवल रेल नीर बेचने की ही बाध्यता थी, मगर वर्तमान में इसकी सप्लाई को लेकर संकट है। इसकी वजह बिलासपुर के सिरगिट्टी स्थित रेल नीर प्लांट का बंद होना है। प्लांट बंद होने के बाद आईआरसीटीसी ने नागपुर से सप्लाई की व्यवस्था की है, लेकिन वहां से खपत के अनुसार पानी बॉटल उपलब्ध नहीं हो पा रही थी। रेल नीर के शॉर्टेज और यात्रियों की परेशानियों को लेकर लगातार अलग-अलग स्टेशनों के स्टॉल व अन्य यूनिट संचालकों द्वारा शिकायत भी की जा रही थी।

## प्लांट बंद होने के बाद नागपुर से सप्लाई की व्यवस्था भी नहीं आई काम

### गर्मी में दो गुना हो जाती है खपत

गर्मी के मौसम में स्टेशनों और ट्रेनों में पानी की खपत बढ़ जाती है। इस भीषण गर्मी में यदि यात्रियों को रेल नीर उपलब्ध नहीं होगा तो यात्रियों को भारी दिक्कत हो सकती थी। बता दें कि रेल नीर प्लांट और इसकी सप्लाई की जिम्मेदारी भले ही आईआरसीटीसी के पास हो। मगर, यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा इनकी जवाबदारी रेल प्रशासन की है। इसलिए अब तीन ब्रांड की बोतल यात्रियों को बेची जाएगी।





### 15 रुपये में होगी बिक्री

रेलवे ने इन ब्रांडों को बेचने की अनुमति दो साल यानी वर्ष 2027 तक के लिए दी है। इसके साथ ही पानी बाटल की कीमत भी निर्धारित की गई है। रेल नीर की तरह ये तीनों ब्रांड का पानी 15-15 रुपये में बिकेंगे।इससे यात्रियों की जेब पर अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा। यात्री भी रेलवे की इस पहल की सराहना कर रहे हैं। उनके इस निर्णय से रेल नीर ही पीने की बाध्यता भी समाप्त हो गई है।

### इस वजह से बंद हुआ प्लांट

आईआरसीटीसी ने जिस कंपनी को प्लांट चलाने का ठेका दिया था, उसने अक्टूबर में ही प्रबंधन को पत्र भेजकर एक दिसंबर से प्लांट बंद करने की जानकारी दे दी थी। इस बीच कंपनी को जलकर की बकाया राशि जमा करने कहा गया, तो कंपनी ने इन्कार कर दिया।इसके बाद कंपनी ने नए ठेके के लिए टेंडर ही नहीं किया, क्योंकि करीब पांच सालों में 13 करोड़ 40 लाख 17 हजार रुपए बकाया हो गया था। यह राशि जमा कराए बिना किसी अन्य को ठेका नहीं दिया जा सकता था। इसलिए आईआरसीटीसी ने प्लांट को बंद कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### शादी का प्रलोभन देकर युवती से किया अनाचार

**रायपुर।** शादी का प्रलोभन देकर युवती से रेप कर गर्भवती बनाने के आरोपी को गोलबाजार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवती ने




पद्मलोचन जगत के खिलाफ शादी करने का झांसा देकर रेप तथा गर्भवती करने की शिकायत दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पद्मलोचन पुलिस को लगातार चकमा देकर भाग रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पद्मलोचन को गिरफ्तार किया है।

### सौ से ज्यादा पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण

**रायपुर।** जिले में एसआई, एएसआई, हेड कांस्टेबल और महिला कांस्टेबल सहित 121 पुलिसकर्मियों के तबादले किए गए हैं। यह फेरबदल एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह के आदेश पर किया गया है। तबादला सूची में लंबे समय से रिजर्व बल में तैनात पुलिसकर्मियों को थानों में जिम्मेदारी दी गई है। इससे शहर के थाना प्रभारियों को अतिरिक्त बल की सहायता मिलेगी और पुलिसिंग में सुधार की उम्मीद है। थानों में फोर्स की कमी और लंबे समय से एक ही जगह तैनात पुलिसकर्मियों के रोटेशन के चलते यह फेरबदल किया गया है।

### एनडीपीएस एक्ट का दिया प्रशिक्षण



**रायपुर।** कालीबाड़ी स्थित ट्रैफिक थाने में गुरुवार को रेंज आईजी अमरेश मिश्रा के मार्गदर्शन तथा एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह के निर्देशन में एनडीपीएस एक्ट विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण भारत सरकार गृहमंत्रालय के अधीन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारियों के सहयोग से दिया गया, जिसमें मुख्य रूप से एनसीबी के जोनल निदेशक रविशंकर जोशी तथा एसपी अनिल कुमार एवं अभियोजन अधिकारी भुवन साहू ने ड्रग्स के प्रकार, नशीले पदार्थों का वर्गीकरण, इस संदर्भ में फायनेशियल (आर्थिक) अन्वेषण, इसका निष्प्रयोजन, जब्ती एवं संकलन तथा निराकरण की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी।

### हिट एंड रन, कार चालक की 21 दिन बाद पहचान

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने के सामने मार्निंग वॉक पर निकले व्यक्ति की तेज रफ्तार कार चालक द्वारा ठोकर मारने से मृत्यु होने के बाद पुलिस ने कार मालिक की 20 दिन बाद पहचान कर अपराध कायम किया है। गणेश पंसारी ने थाने में 6 मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात कार चालक ने तेज रफ्तार लापरवाही से कार चलाते हुए मार्निंग वॉक पर निकले उसके भाई मनोज पंसारी को ठोकर मार दी थी, जिससे मनोज की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज के आधार पर कार सीजी-04 पीवाय-6640 की पहचान कर कार चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है।

## पूछताछ के आधार पर सीबीआई के अफसर जांच की दिशा तय करेंगे

# महादेव सट्टे में जेल में बंद 'खिलाड़ियों' से भी पूछताछ करेगी सीबीआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई ने जिन लोगों के यहां छापे की कार्रवाई की है, उन लोगों को साफ तौर पर निर्देशित किया है कि वे पूछताछ के लिए जरूरत पड़ने पर सीबीआई कार्यालय उपस्थित हों। साथ ही उन्हें बगैर जानकारी दिए अपने क्षेत्र से बाहर नहीं जाने निर्देश दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई के अफसरों ने छापे की कार्रवाई के दौरान चारों आईपीएस अफसरों से कार्रवाई के दौरान उनके घरों में प्रारंभिक पूछताछ की है। प्रारंभिक पूछताछ के आधार पर सीबीआई के अफसर आईपीएस अफसरों को अलग-अलग तिथियों में पूछताछ के लिए सीबीआई कार्यालय तलब करेंगे।

सीबीआई ने भाजपा के पेशे से अधिवक्ता नरेश गुप्ता की शिकायत के साथ ही ईओडब्लू द्वारा कोर्ट में पेश चालान की कॉपी का अध्ययन करने के बाद ही छापे की कार्रवाई की है। छापे में सीबीआई ने ईओडब्लू द्वारा कोर्ट में पेश कुछ पार्ट को ही शामिल किया है, इस लिहाज से सीबीआई के अफसर जेल में बंद महादेव सट्टा एप के आरोपियों की आने वाले दिनों में रिमांड हासिल कर अलग से पूछताछ कर सकते हैं।


पूर्व सीएम भूपेश, आधा दर्जन पुलिस अफसर कर्मी और करीबियों पर सीबीआई के छापे
विदेश के बाद अब देश के 8 बड़े शहरों में फैला महादेव बुक का नेटवर्क
महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई जेल में बंद आरोपियों से लगातार कर रही पूछताछ

### इन प्रमुख 16 लोगों ने बनाया दुबई को ठिकाना

ईओडब्लू ने कोर्ट में जो चालान पेश किया है, उसके मुताबिक महादेव सट्टा के प्रमोटर्स सहित सट्टा एप के प्रमुख आधार 16 लोगों ने दुबई में अपना ठिकाना बना लिया है। इनमें प्रमोटर्स सौरभ चंद्राकर के साथ ही पिंटू उर्फ शुभन सोनी, रवि उप्पल के साथ हेड ऑफिस की जिम्मेदारी संभाल रहे भिलाई निवासी रोहित टिर्की, गुजरात निवासी राघव गौतम के साथ ही शुभम के भाई गौरव सोनी, हरिश पेट्ठी, हेमंत बारा, अभिषेक सिंह का नाम शामिल है। इसके अलावा एकाउंट की जिम्मेदारी संभाल रहे रायपुर निवासी चंद्र कुमार रूपवानी, महाराष्ट्र का रहने वाला अमित तथा उसका भाई अंकित शाह, दिल्ली निवासी रोहित गुलाटी, भिलाई निवासी सौरभ आहूजा तथा भोपाल निवासी विशाल तथा उसका भाई धीरज आहूजा। सीबीआई इनसे जुड़े लोगों की जांच कर सकती है।

### मूल ग्राम तक पहुंचेगी टीम

सीबीआई के सूत्रों के मुताबिक जिन अफसरों के ठिकानों में बुधवार को छापे की कार्रवाई की गई, उनकी पोस्टिंग भले ही छत्तीसगढ़ में है, लेकिन वे मूल निवासी किसी दूसरे राज्य के हैं। ऐसे में सीबीआई की टीम संबंधितों के मूल ग्राम जाकर उनकी संपत्तियों की जांच करेगी। साथ ही सट्टा एप से जुड़े लिंक के बारे में जानकारी जुटाएगी। इसके साथ ही भोपाल, दिल्ली, कोलकाता में की गई छापे की कार्रवाई को सीबीआई के अफसर एक दूसरे के साथ साझा करेंगे। साथ ही पांच साल पूर्व की चल-अचल संपत्तियों की जांच करेंगे।

### कैसे पहुंचता था कमीशन, ईडी की जांच रिपोर्ट से समझें

महादेव सट्टा एप की कमीशन रकम संबंधितों तक कैसे पहुंचती थी, ईडी की जांच रिपोर्ट में उसका उल्लेख कुछ इस तरह से है।

- सौम्या चौरसिया - राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर - मनीष उपाध्याय
- डॉ. सूरज कुमार कश्यप - मुख्यमंत्री के तत्कालीन ओएसडी - प्रशांत त्रिपाठी, राहुल उप्पल, रोहित उप्पल
- अभिषेक माहेश्वरी - एएसपी (इंटेलिजेंस) रायपुर - कांस्टेबल संदीप दीक्षित, राहुल उप्पल, रोहित उप्पल, प्रशांत त्रिपाठी
- संजय ध्रुव - एएसपी दुर्ग - कांस्टेबल भीम यादव
- अभिषेक पल्लव - एसपी दुर्ग - कांस्टेबल भीम यादव
- प्रशांत अग्रवाल - एसएसपी रायपुर - एस. साहू
- आरिफ शेख - आईजी रायपुर - अभिषेक माहेश्वरी
- विजय भाटिया - कारोबारी - रोहित उप्पल, राहुल उप्पल

# स्काई वॉक का नए सिरे से टेंडर जारी करने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लंबे अरसे से ठंडे बस्ते में शामिल स्काई वॉक निर्माण का काम एक बार फिर से शुरू किए जाने की कवायद की जा रही है। इसके लिए नए सिरे से टेंडर बुलाए गए हैं। टेंडर जारी होने के बाद अधूरे स्काई वॉक का काम एक बार फिर से शुरू हो सकता है। पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने टेंडर खुलने के बाद जल्द ही स्काई वॉक का निर्माण शुरू होने की बात कही है।

- पूर्व में जारी किए गए टेंडर में काम पूरा करने 31 करोड़ 41 लाख खर्च करने दर निर्धारित की गई थी

स्काई वॉक का निर्माण सात वर्ष पूर्व शुरू किया गया था, जिसे बाद में बंद कर दिया गया। राज्य में एक बार फिर से भाजपा सरकार बनने के बाद अधूरे स्काई वॉक का निर्माण पूरा करने के प्रयास तेज हो गए हैं। इसी कड़ी में स्काई वॉक निर्माण करने टेंडर आमंत्रित किए गए। इसमें तीन कंपनी मित्तल ब्रदर्स, जीएस तथा पीएस कंस्ट्रक्शन शामिल हुए। स्काई वॉक निर्माण कार्य का 76 करोड़ में ठेका हुआ था, जिसमें से साढ़े 44 करोड़ का काम ▶▶|शेष पेज 15 पर

### 12 जगहों पर एस्केलेटर

करीब डेढ़ किमी लंबे स्काई वॉक पर चढ़ने-उतरने के लिए 12 जगहों पर एस्केलेटर लगाए जाएंगे। साथ ही सीढ़ियां भी रहेंगी। डीकेएस परिसर और आंबेडकर अस्पताल के गेट के पास लिफ्ट लगाई जाएगी, ताकि मरीज और उनके परिजन एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल रोड ट्रैफिक की झंझट से बचकर सीधे पहुंच सकें। गंभीर मरीजों को लाने ले जाने में भी स्काईवॉक का उपयोग किया जाना है। इसका एक हिस्सा डीकेएस अस्पताल परिसर में है। इसी हिस्से में सीढ़ी और एस्केलेटर के पास लिफ्ट रहेगी।

### सात वर्ष पूर्व सर्वे में पैदल चलने वालों का यह था आंकड़ा

स्काई वॉक निर्माण के पहले सात वर्ष पूर्व एक सर्वे कराया गया था। सर्वे में शास्त्री चौक से 40 हजार लोगों की पैदल आवाजाही 1की बात सामने आई थी। इसके लिए शास्त्री चौक के चारों तरफ रोटरी बनाई जाएगी, जिससे पैदल आवाजाही करने वाले लोग आसानी से स्काई वॉक से एक जगह से दूसरी जगह आसानी से आ-जा सकेंगे।

## म्यूनिसिपल बांड पर मचेगा हंगामा

# सामान्य सभा की बैठक आज, 2000 करोड़ का बजट पेश करेंगी मीनल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम में डेढ़ दशक बाद भाजपा की बहुमत वाली सामान्य सभा की पहली बैठक शुक्रवार को प्रातः 11 बजे गांधी सदन के सामान्य सभागार में आयोजित है। इसमें महापौर मीनल चौबे 2000 करोड़ के फायदे का बजट पेश करेंगी। निगम की बजट सभा में शहर के 3 स्थानों पर नई पानी टंकी का निर्माण, जोन पुनर्गठन का प्रस्ताव सदन में चर्चा के लिए लाया जा रहा है। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा आय के स्त्रोत बढ़ाने पहली बार म्यूनिसिपल बांड लाने की तैयारी है। बैठक में इस एजेंडे पर हंगामे के आसार हैं।

- डेढ़ दशक बाद भाजपा की महापौर प्रस्तुत करेंगी निगम बजट

महापौर मीनल चौबे 28 मार्च को वित्तीय वर्ष 2025-26 का निगम बजट प्रस्तुत करेंगी। यह बजट पिछले बार के बजट की तुलना में 100 करोड़ ज्यादा का रहेगा। साल 2024-25 के वित्तीय वर्ष के लिए पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने 1901 करोड़ रुपये का निगम बजट सदन में पेश किया था, जबकि वर्ष 2023-24 का निगम बजट 1608 करोड़ का रहा। शहर की दूसरी महिला महापौर के रूप में मीनल चौबे ने अपने बजट में शहर के ट्रैफिक सिस्टम सुधारने 25-25 करोड़ रुपये की ▶▶|शेष पेज 15 पर

### सामान्य सभा में जोन पुनर्गठन का प्रस्ताव

*नगर निगम के सामान्य सभा की बैठक में 10 जोनों के पुनर्गठन का प्रस्ताव चर्चा के लिए लाया जा सकता है। प्रत्येक जोन में 7-7 वार्ड होंगे। महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता वाली एमआईसी बैठक में जोन पुनर्गठन का प्रस्ताव गुरूवार को पारित किया गया। अब यह प्रस्ताव शुक्रवार को होने वाली सामान्य सभा की बैठक में मंजूरी के लिये लाने की तैयारी है। सामान्य सभा की शुरुआत में 1 घंटे का प्रश्नकाल रहेगा।*

### 200 करोड़ का म्यूनिसिपल बांड

*सामान्य सभा में नगर निगम द्वारा अतिरिक्त आय के स्त्रोत जुटाने दो अलग-अलग प्रोजेक्ट में 200 करोड़ के निगम बांड लाये जाने का प्रस्ताव सदन में चर्चा के लिये लाया जा रहा है। इस पर पक्ष-विपक्ष के सदस्य चर्चा में भाग लेंगे। सूत्रों के मुताबिक निगम बांड को लेकर सदन में हंगामा हो सकता है।*

# नई पद्धति से पहली परीक्षा... बीकॉम में 39% फेल एमकॉम में 45% अटके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा गुरुवार को बीकॉम और एमकॉम प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई। बीकॉम प्रथम सेमेस्टर का यह प्रथम बैच है, जिनकी पढ़ाई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत हुई है। बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में 8827 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 5378 ही उत्तीर्ण हो सके हैं। चूंकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रथम सेमेस्टर में छात्रों को अनुत्तीर्ण करने का प्रावधान नहीं है, इसलिए शेष 2 हजार 976 छात्रों को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया है। जबकि 473 छात्रों के परीक्षा परिणाम विविध कारणों से रोके गए हैं। इनमें नकल प्रकरण, उत्तरपुस्तिका में संपूर्ण जानकारी नहीं होना, महाविद्यालयों द्वारा प्रोजेक्ट अथवा आंतरिक मूल्यांकन के अंक प्रेषित नहीं करने सहित कई कारण शामिल हैं।



इस तरह से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों का प्रतिशत 60.93% रहा है। बीकॉम के साथ ही एमकॉम प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम भी रविवि ने गुरुवार को घोषित कर दिए। इस परीक्षा में 956 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 529 छात्र उत्तीर्ण रहे, जबकि 425 को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया है। एमकॉम में सिर्फ 2 छात्र के ही नतीजे रोके गए हैं। उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 55.3% रहा है। दोनों ही कक्षाओं के परिणाम रविवि ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।

### सभी विषयों में फेल छात्र को भी एटीकेटी

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत ऐसे विद्यार्थी जो प्रथम सेमेस्टर में सभी विषयों में अनुत्तीर्ण हो गए हैं, उन्हें भी अगले सेमेस्टर में प्रवेश दिया जाना है। छात्र को वर्तमान सेमेस्टर की पढ़ाई के साथ-साथ बीते सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण विषयों की भी पढ़ाई करते हुए पर्चे हल करने होंगे। छात्रों को अनुत्तीर्ण विषयों में उत्तीर्ण होने सीमित अवसर दिए जाएंगे। इसमें भी फेल होने के बाद विद्यार्थी को फेल घोषित किया जाएगा। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत परीक्षा पद्धति में कई अन्य बदलाव भी किए गए हैं। इसमें आंतरिक मूल्यांकन, प्रोजेक्ट वर्क सहित कई चीजें शामिल हैं।

# 5वें दिन भी टूट पड़ी भीड़, हाउसफुल रहा अपॉइंटमेंट, रात साढ़े 9 बजे तक रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मार्च के अंतिम सप्ताह में पंजीयन दफ्तर में बंपर रजिस्ट्री हो रही है। बुधवार की तरह गुरुवार को भी अपॉइंटमेंट हाउसफुल रहा, जिससे सुबह 10 बजे से लेकर रात साढ़े 9 बजे तक लोगों की रजिस्ट्री दफ्तर में भीड़ लगी रही। विभागीय साफ्टवेयर का सर्वर स्लो होने के कारण रजिस्ट्री कराने वाले लोगों को पिछले 4 दिनों तक परेशान होना पड़ा। बड़ी संख्या में लोग रजिस्ट्री कराए बिना लौट गए, वहीं कई लोग ऐसे भी है जो भीड़ को देखते हुए मार्च खत्म होने के बाद रजिस्ट्री के लिए अपॉइंटमेंट लेने लगे हैं। हालांकि पांचवे दिन सर्वर की समस्या नहीं के बराबर रही। कुछ रजिस्ट्री के दौरान ही सर्वर की हल्की समस्या आई, जिसके कारण लोगों को ज्यादा परेशान नहीं होना पड़ा।

- सर्वर की समस्या हुई ठीक, लोगों को नहीं होना पड़ा परेशान

### एक दिन में 5 करोड़ 72 लाख से अधिक की आय

*रायपुर दफ्तर में 26 मार्च को एक दिन में 250 रजिस्ट्रियां हुई हैं। इन रजिस्ट्रियों के एवज में पंजीयन शुल्क से 2 करोड़ 13 लाख 9 हजार 45 रुपए एवं स्टाम्प ड्यूटी से 3 करोड़ 59 लाख 22 हजार 920 रुपए की आवक हुई है। इस तरह एक दिन में कुल 5 करोड़ 72 लाख 31 हजार 965 रुपए की आय विभाग को हुई है। सर्वर की दिक्कत के कारण इस दिन करीब तीन सौ रजिस्ट्रियां नहीं पाई थी, वहीं सौ से अधिक लोगों ने केंसिल भी करा लिया। अगर ये सभी रजिस्ट्रियां होती तो आय 10 करोड़ रुपए से ज्यादा होने की संभावना थी।*



### एसआर 1 में 2 करोड़ से अधिक की आय

*रजिस्ट्री दफ्तर में 5 एसआर कोर्ट है, जिनमें बुधवार को सबसे ज्यादा रजिस्ट्रियां 71 एसआर-2 में हुई है, लेकिन सबसे ज्यादा आय 2 करोड़ से अधिक एसआर-1 से हुआ है। दूसरे दिन भी अपॉइंटमेंट हाउसफुल रहे। विभागीय अधिकारी के अनुसार आज भी प्रत्येक एसआर में 127 से 130 रजिस्ट्री के लिए अपॉइंटमेंट दिए गए थे। इनमें से कितने लोग रजिस्ट्री करा पाए हैं और इससे कितनी आय हुई है इसका आकड़ा एक दिन बाद ही मिल पाएगा।*

### सर्वर की समस्या नहीं रही

*लगातार दूसरे दिन भी पांचों एसआर में अपॉइंटमेंट हाउसफुल रहे। सर्वर की समस्या आज नहीं रही, जिससे आसानी से रजिस्ट्रियां हुई हैं। - विनोज कोचे, मुख्य पंजीयक रायपुर*

# पारा 40 पार... जारी रहेगी बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मार्च अंत से पहले ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। गुरुवार को रायपुर का तापमान 40 डिग्री पार कर गया। इस वर्ष यह पहली बार है, जब पारा 40 डिग्री के ऊपर चढ़ गया। गुरुवार को राजधानी का अधिकतम तापमान



सामान्य से 3 डिग्री अधिक 40.6 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 23 ▶▶|शेष पेज 15 पर

### अंबिकापुर में अब भी ठंड

मध्य और दक्षिणी छग में अगले 2 दिनों में तापमान में 1 से 2 डिग्री की वृद्धि होगी। प्रदेश में सर्वाधिक गर्म 41 डिग्री के साथ राजनांदगांव रहा है। प्रदेश के कुछ जिलों में जहां तापमान 40 डिग्री पार कर गया है तो वहीं कुछ स्थानों में अभी भी सुबह-शाम हल्की ठंड का अहसास हो रहा है। गुरुवार को अंबिकापुर का ▶▶|शेष पेज 15 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### साक्षी का नवोदय विद्यालय में चयन

**तिल्दा नेवरा।** नवोदय विद्यालय में प्रवेश छात्र -छात्राओं के लिए एक सपना साकार होने जैसा होता है। यह सपना साकार किया है पी एम श्री प्रियदर्शिनी उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय , तिल्दा नेवरा, की कक्षा आठवीं की छात्रा कुमारी साक्षी वर्मा, पिता श्री ज्ञान प्रकाश वर्मा ने। छात्रा ने जवाहर नवोदय विद्यालय (JNV) परीक्षा में पूरे तिल्दा ब्लॉक में एकमात्र सफल छात्रा बनकर अपने विद्यालय का मान बढ़ाया है। कुमारी साक्षी की इस अद्वितीय उपलब्धि पर शाला परिसर में श्री सौरभ जैन जी के द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। श्री सौरभ जैन जी द्वारा छात्रा को विशेष उपहार देकर सम्मानित किया गया व उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही छात्रा के माता पिता को श्रीफल व शॉल देकर सम्मानित किए। श्री सौरभ जैन जी ने अपने उदबोधन में शाला के शिक्षकों को प्रोत्साहित किए व छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने शाला के छात्र -छात्राओं को साक्षी के कठोर परिश्रम व समर्पण को अनुकरण करने व आगामी सालों में अधिक संख्या में सफल होने हेतु प्रेरित किया।इस कार्यक्रम में श्री सौरभ जैन जी के साथ ही प्राचार्य श्री दुष्यंत सोनी, उप प्राचार्य श्रीमती प्रभा वर्मा, प्रधान पाठक श्री नीरज कुमार साहू, समन्वयक श्री शैलेन्द्र डहरिया एवं समस्त स्टाफ भी उपस्थित थे ।

### बैकुंठ की शाला में उल्लास महापरीक्षा का आयोजन

**तिल्दा नेवरा।** शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला बैकुंठ में उल्लास नवभारत साक्षरता अंतर्गत राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान का आयोजन किया गया जिसमें 84 परीक्षार्थियों ने भाग की लिया। उल्लास रंगोली, मेंहदी तथा पोस्टर नारे के माध्यम से परीक्षार्थियों को प्रेरित किया गया। तिलक लगाकर तथा पुष्पगुच्छ से परीक्षार्थियों का सम्मान किया गया, अक्षर कलश भी प्रज्वलित किया गया।सेल्फी प्वाइंट में सबने विशेष उत्साह दिखाया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत टंडवा के सरपंच ,शाला प्रबंधन समिति, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता ने अपना सहयोग दिया। नोडल प्रभारी भागीरथी पांसे, सहायक नोडल बर्मन सर तथा संकुल समन्वयक राकेश वर्मा के द्वारा निरीक्षण किया गया।

### मंत्री राजवाड़े से आश्वासन मिलने के बाद पर्यवेक्षकों ने खत्म की हड़ताल

**रायपुर।** प्रदेशभर के आंगनबाड़ी केंद्रों के पर्यवेक्षकों ने गुरुवार को पिछले लगभग 17 दिनों से जारी ऑनलाइन हड़ताल को खत्म कर दिया। पर्यवेक्षक संघ की महिला पदाधिकारियों ने गुरुवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से अपनी मांगों को लेकर मुलाकात की। इस दौरान मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा। पर्यवेक्षक संघ से प्रदेशाध्यक्ष ऋतु परिहार के नेतृत्व में प्रदेश सचिव जयश्री साहू, कोषाध्यक्ष याचना शुक्ला, सहसचिव आशा पात्रे, प्रीति बघेल, रायपुर जिलाध्यक्ष रेखा राजपूत और सदस्य अंजू तिर्की के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने वेतन विसंगति, वेतनमान, पोषण ट्रेकर एप पर प्रशिक्षण, टीए आदि मांग पर मंत्री से चर्चा की। चर्चा के दौरान मंत्री ने बताया कि उनके द्वारा पहले भी उनकी मांगों से संबंधित फाइल शासन को भेजी गई हैं।

### शशिकांत बोले त्रिभुवन सहकारी विधेयक मील का पत्थर साबित होगा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने कहा, केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक संसद में पेश किया गया जो भारतीय सहकारिता के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। इसका उद्देश्य सहकारी क्षेत्र में शिक्षा ,शोध और प्रशिक्षण में क्रांति लाना है। विधेयक में प्रावधान है कि सभी राज्यों के सहकारी प्रशिक्षण संस्थानों को विश्वविद्यालय के अंतर्गत स्कूल या कॉलेज के रूप में पंजीकृत किया जाएग।

---

**हादसा : ओवरब्रिज धनेली के पास पति-पत्नी हुए हादसे का शिकार**

# ट्रक की भीषण टक्कर से बाइक चालक पति का शरीर दो हिस्सों में कटा और पत्नी गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा










रायपुर बिलासपुर नेशनल हाइवे में ओवरब्रिज धनेली के पास आये दिन हादसे हो रहे है जिसके चलते गुरुवार को सुबह सुबह 06 बजे एक मोटरसाइकिल सवार दम्पत्ति को ट्रक ने अपने चपेट में ले लिए जिससे पति की दर्दनाक मौत हो गई वही पीछे बैठी पत्नी बुरी तरह से जख्मी हो गया है। हादसा इतना भयावह था कि ट्रक के पहिये में आने से बाइक चालक सवार की शरीर दो भागों में बट गया और सड़क खून से सन गई। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह 06 बजे ग्राम धनेली निवासी सुरेश साहू अपनी पत्नी श्रीमती शिव कुमारी साहू के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी-04/पी०टी०/3454 में बैठ कर सिमगा की ओर जा रहे थे तभी ट्रक क्रमांक सीजी-24/एफ0/8978 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते मोटर सायकल सवार व्यक्ति को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर उसके उपर अपने ट्रक के पहिया को चढ़ा दिया, जिससे मोटर सायकल सवार व्यक्ति के शरीर दो भागो में बट गया और घटना स्थल पर ही मौत हो गई वही पीछे बैठी पत्नी बुरी तरह से घायल हो गई जिसका इलाज मेकाहारा रायपुर में चल रहा है।

### टेकारी के कोलंबिया कॉलेज के पास फिर हुई मोबाइल की लूट




**सिलयारी।** विधानसभा इलाके में लूटपाट की घटना बढ़ती जा रही है । 20 दिन पूर्व में दिनदहाड़े एक बाइक सवार बदमाशों बालक के हाथों से मोबाइल को झटक कर मौके से मिनट में फरार हो गए थे जबकि घटना की वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। अब ठीक 21 मार्च को शाम 6 बजे कोलंबिया कॉलेज के पास बाइक में सवार दो नकाबपोश ने युवक के मोबाइल को छीनकर मिनट में फरार हो गए। पीड़ित फुलेश्वर गेडरे ने विधानसभा थाने में शिकायत दर्ज करवाने पहुंचे लेकिन वहां के पुलिस स्टाफ ने अज्ञात चोरों के खिलाफ में एफआईआर दर्ज करने के बजाय पुलिस द्वारा बनाई गई चोरी वाले फॉर्मेट को थमा दिया अब 20 दिन में दूसरी घटना है। इधर लगातार घटना को लेकर लोगों में दहशत और आक्रोश का माहौल है । विस थाना प्रभारी शिवेंद्र राजपूत का कहना कि घटना की जांच की जा रही हैं। शरारती तत्वों पर नजर रखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में हुई घटना को लेकर अगर पुलिस कड़ाई से जांच करती तो चोर पकड़ में आ जाते और दूसरी घटना को अंजाम नहीं दे पाते । लेकिन दोनों घटनाओं में पुलिस जांच करने रुचि नहीं दिख रहे हैं । इसी के चलते चोरों के हौसले बुलंद होकर लगातार चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं । रिपोर्ट लिखने के बजाय चोरी मोबाइल का फॉर्मेट थम रहे विधानसभा पुलिस वाले :- बता दे की टेकारी में 20 दिन पूर्व पीड़िता किरण काम्बले चोरी की वारदात की रिपोर्ट लिखवाने विधानसभा थाने पहुंचे थे । लेकिन वहां के हवलदार व सिपाहियों ने चोरी गुम मोबाइल का फॉर्मेट को थमा कर फॉर्मेट भरने के बाद जमा करने को कह दिया ।

---

# ईद पर छत्तीसगढ़ के 3500 मुस्लिम परिवारों को सौगात-ए-मोदी किट

**कल से शुरू होगा किट वितरण**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ईद के मौके पर छत्तीसगढ़ के जरूरतमंद मुस्लिम परिवारों के घरों तक सौगात-ए-मोदी किट पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। छग राज्य वक्फ बोर्ड ने किट वितरण के लिए कवायद में जुटा है। बताया जा रहा है कि किट में आधा किलो खजूर, आधा किलो ड्राई फ्रूट,सेंवईयां, आधा किलो शक्कर, महिलाओं के लिए एक जोड़ी कपड़े दिए जाएंगे।



छत्तीसगढ़ में ईद के जश्न से पहले जरूरतमंद मुसलमानों के बीच खाने-पीने की चीजों और कपड़ों से भरी 'सौगात-ए-मोदी' किट बांटे जाने की शुरुआत कल से होगी। इस योजना के पीछे बीजेपी का मकसद है कि देश में सौहार्द्र, भाईचारा और मिली-जुली संस्कृति की पहचान आगे बढ़ती रहे। राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज का कहना है कि पीएम की पहल पर ऐसे गरीब मुसलमानों को किट दी जा रही है।

---

# नई शराब दुकानों पर प्रतिबंध लगाने की मांग, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

भगवती मानव कल्याण संगठन और भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ में चालू किये जा रहे नये दर्जनो शराब दुकानों एवं जिले में अवैध शराब, गांजा, तथा अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम एसडीएम अभनपुर रवि सिंह द्वारा ज्ञापन सौंपा है। पदाधिकारियो ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि राज्य सरकार द्वारा नई आबकारी आदेश के तहत 67 नई शराब दुकानों को खोलने की अनुमति दी गई है जो पूरी तरह अनुचित है नशे के कारण दुर्घटनाएं, अपराध, दुष्कर्म और छेडख़ानी जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे समाज और युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। संगठन द्वारा सरकार से नई शराब दुकानों के उद्घाटन को रोकने और अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। ज्ञात हो कि भगवती मानव कल्याण संगठन व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ में लगातार नशा विरोधी अभियान चलाया जा रहा है, उसी को गति देने में कार्यकर्ता रात-दिन एक कर रहे है। जिससे कि छत्तीसगढ़ में अभी तक लगभग लाखों लोग नशा मुक्त व मांसाहार मुक्त हो चुके है। ज्ञापन सौपने के दौरान तहसील अध्यक्ष त्रिभुवन साहू, तहसील अध्यक्ष खेमू निषाद, महिला अध्यक्ष पिंकी निषाद, उपाध्यक्ष गोपाल निषाद, कोषाध्यक्ष नुक चंद साहू, कमलेश साहू, सचिव हेम कुमार निषाद, ओमकुमारी साहू, अजय ठाकुर, गेदलाल साहू, किशन ध्रुव, बसंत ध्रुव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# शासकीयकरण की मांग पर पंचायत सचिवों की हड़ताल 11वें दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा



छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ की एक सूत्री मांग शासकीय करण को भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी के आधार पर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के सरकार बनते ही 100 दिन में पूर्ण करने का लिखित आश्वासन दिए जाने के फल स्वरुप प्रदेश पंचायत सचिव संघ द्वारा आयोजित 7 जुलाई 2024 को रायपुर के इंडोर स्टेडियम में छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णु देव साय ,पंचायत मंत्री विजय शर्मा पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह एवं समाज कल्याण विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा सभा के बीच घोषणा किया गया था कि मोदी की गारंटी के आधार पर पंचायत सचिव की समस्याओं को एक महीने के भीतर समिति गठित कर पूर्ण कर दी जाएगी लेकिन पुरानी समिति को भंग करके नया समिति का गठन 24 मार्च 2025 को किया गया है । पुरानी समिति द्वारा रिपोर्ट शासन को सौंपा नहीं गया और फिर से नया समिति बनाया गया है। शासन द्वारा सकारात्मक पहल नहीं किए जाने से क्षुब्द होकर छत्तीसगढ़ में कार्यरत 10995 पंचायत सचिव द्वारा अपनी एक सूत्री मांग को लेकर 18 मार्च से ब्लॉक मुख्यालय में आंदोलन रथ है हड़ताल के 11 वे दिन लगातार जारी है शासन के सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं पर ग्रहण लग चुका है प्रदेश पंचायत सचिव संघ के ब्लॉक इकाई तिल्दा नेवरा अध्यक्ष भरत वर्मा एवं रायपुर जिला मीडिया प्रभारी कोमल प्रसाद साहू द्वारा जानकारी दिया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का सर्वे हड़ताल में जाने के कारण सर्वे रुक गया गया है अभी काम पूर्णता बंद हो गया है उनके साथ-साथ नव निर्वाचित सरपंचों के कार्य भर दिलाना ,जन्म मृत्यु ,विवाह पंजीयन,मनरेगा के कार्य, प्रधानमंत्री आवास निर्माण सहित सभी संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की कार्य भी ठप हो गया है। जब तक की पंचायत सचिव की एक सूत्री मांग शासकीयकरण पूर्ण नहीं होती तब तक आंदोलन जारी रहेगा आंदोलन के 11 वे दिन धरना स्थल जनपद पंचायत तिल्दा में प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र पैकरा , उप प्रांताध्यक्ष अनिल गुप्ता सहित प्रदेश कार्यकारणी के सदस्य उपस्थित हुए और शासकीय करण मांग को लेकर उग्र आंदोलन की बात करते हुए आगामी दिवस में जिला स्तर का मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### गडकरी से मिले बृजमोहन लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण की मांग

**रायपुर।** रायपुर के लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रायपुर समेत पूरे राज्य में सड़क निर्माण और मरम्मत से जुड़े कई महत्वपूर्ण लंबित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की और इनके शीघ्र निराकरण की मांग की। श्री अग्रवाल ने बताया, पूर्व में इन विषयों को लेकर संबंधित मंत्रालय को पत्राचार किया गया था, किंतु अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्होंने पुनः इन मुद्दों को मंत्री के समक्ष रखा। चर्चा में राष्ट्रीय राजमार्ग-200 (सिमगा-लिमतरा-सरगांव-बिलासपुर) के लिमतरा बाईपास मार्ग में सर्विस रोड निर्माण, रायपुर रिंग रोड-1 (एन.एच. 53) के सर्विस रोड को 5 मीटर से बढ़ाकर 11 मीटर करना आदि प्रकरण का शीघ्र समाधान मुख्य है।, राष्ट्रीय राजमार्ग 30 (शदाणी दरबार) एवं एक्सप्रेस हाईवे के जंक्शन पर ग्रेड सेपरेटर निर्माण, भारतमाला प्रोजेक्ट के अंतर्गत रायपुर-विशाखापत्तनम एक्सप्रेसवे पर अभनपुर-राजिम-गरियाबंद राष्ट्रीय राजमार्ग क्रॉसिंग पर इंटरचेंज सुविधा उपलब्ध कराना, रायपुर-दुर्ग एनएच. 53 मुख्य मार्ग एवं सर्विस रोड का नवीनीकरण, रायपुर रेलवे स्टेशन से राष्ट्रीय राजमार्ग-30 जंक्शन तक निर्मित एक्सप्रेस हाईवे को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को सौंपने की प्रक्रिया, नागपुर-गोंदिया-बिरसी एयरपोर्ट (रावणबाड़ी) के लिए प्रस्तावित समृद्धि एक्सप्रेसवे का विस्तार, राष्ट्रीय राजमार्ग-30 (कमल विहार) के जंक्शन पर ग्रेड सेपरेटर निर्माण, रायपुर-विशाखापत्तनम 4/6 लेन राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण हेतु भू-अर्जन मुआवजा प्रकरण का शीघ्र समाधान मुख्य है।

---

# दिल्ली में कांग्रेस जिला अध्यक्षों की बैठक

## संगठन को मजबूती देने पर राहुल गांधी करेंगे चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एआईसीसी ने संगठन को मजबूती देने छत्तीसगढ़ के जिला कांग्रेस अध्यक्षों की दिल्ली में बैठक बुलाई है। कांग्रेस में संगठन के मामलों लगातार टकराव को देखते हुए यह बैठक महत्वपूर्ण होगी। कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में दिल्ली में जिला अध्यक्षों के साथ मैराथन बैठक शुरू होने जा रही है।

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इस बैठक में दिल्ली के बजाय पार्टी को जिलों से चलाने पर चर्चा कर सकते हैं। बताया गया है कि पार्टी को जिलों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। कांग्रेस लीडरशिप की बैठक में राहुल गांधी के अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के संगठन महासचिव वेणुगोपाल भी शामिल होंगे। यह बैठक कांग्रेस के नए मुख्यालय इंदिरा गांधी भवन में आयोजित होगी। कांग्रेस लीडरशिप के साथ जिलाध्यक्षों की बैठक 27, 28 मार्च और 3 अप्रैल को कई सत्रों में आयोजित की जाएगी। कांग्रेस लीडरशिप के साथ जिलाध्यक्षों की दूसरी बैठक 3 अप्रैल को होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के जिलाध्यक्ष शामिल होंगे।

#### सिस्टम में बदलाव का प्रस्ताव

बैठक में प्रस्तावित सिस्टम के बदलाव पर चर्चा होगी, इसके बाद इसे अहमदाबाद में होने वाली कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में रखा जाएगा। जहां इस पर चर्चा के बाद पार्टी में बदलाव के प्रस्ताव को अधिवेशन में पास किया जाएगा।

#### बैज आज जाएंगे दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज शुक्रवार को दिल्ली जाएंगे। बताया जाता है कि पार्टी नेताओं से मुलाकात करेंगे। साथ ही संगठन में नई नियुक्तियों को लेकर चर्चा करेंगे।

**सभापति सूर्यकांत राठौर ने कहा निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित करने अधिकृत एजेंसी को बुलायेंगे**

# 90 फीसदी पार्षद नये, निगम की कार्यप्रणाली से अवगत कराने अप्रैल में होगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सभापति सूर्यकांत राठौर ने कहा है कि इस बार रायपुर नगर निगम में 90 फीसदी नये पार्षद चुनाव जीतकर आये हैं, इन्हें नगर निगम की कार्यप्रणाली से अवगत कराने अप्रैल में प्रशिक्षण देने कार्यक्रम रखा जायेगा। साथ ही सभी पार्षदों को नगर निगम एक्ट की पुस्तक उपलब्ध कराई जायेगी। निर्वाचित पार्षदों को प्रशिक्षण देने नगर निगम में प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा जायेगा। इसके लिए निगम आयुक्त विश्वदीप को निर्देशित किया गया है। मुंबई, दिल्ली, भुवनेश्वर में ऐसी एजेंसी है जो नगरीय निकाय के निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण देने का काम करती है। भविष्य इन तीनों में से किसी एक शहर की एजेंसी सेवा ली जायेगी। गांधी सदन के सभापति कक्ष में पत्रकारों को संबोधित करते हुये नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सदन की गरिमा को ध्यान में रखते हुये कुछ परिवर्तन सामान्य सभा में किये जाएंगे। इस बार सामान्य सभा के दौरान मोबाइल में बात करने, वीडियो देखने या रिकार्ड करने पर प्रतिबंध रहेगा। जो भी सदस्य इस नियम को तोड़ता नजर आयेगा उसका मोबाइल जब्त होगा। सदन में अब पूर्व की तरह चाय, नाश्ता या पानी नहीं चलेगा। इसके लिए सदन के बाहर अलग से व्यवस्था रहेगी। 28 मार्च को होने जा रही सामान्य सभा की बैठक में विषय, तथ्य और तर्क का विशेष स्थान रहेगा।



#### एमआईसी की बैठक में जोन पुनर्गठन का प्रस्ताव पारित

महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में गुरुवार को गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में एमआईसी की बैठक आयोजित की गई। इसमें जोन के पुनर्गठन करने संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा के बाद इसकी अनुशंसा कर सामान्य सभा में चर्चा के लिए रखने के निर्देश दिये। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा रखे गये प्रस्ताव में दस जोनों के पुनर्गठन करने के संबंध में सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया। वर्तमान में रायपुर नगर निगम के 10 जोन कार्यालय और 70 वार्ड हैं। प्रत्येक जोन के हिसाब से 7-7 वार्डो का विभाजन किया जाना था। पर नगरीय निकाय चुनाव से पहले वर्ष 2024 के वार्ड परिसीमन के अनुसार वर्तमान में जोन 9 और जोन 10 में 7 वार्ड से अतिरिक्त होकर 8-8 वार्ड हैं और जोन क्रमांक 3 में सिर्फ 5 वार्ड हैं। इसके कारण असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जिसे सुचारू रूप से संचालन किये जाने के लिये नये जोन गठन किया जाना प्रस्तावित है। इसी संबंध में गुरूवार को एमआईसी में चर्चा कर जोन पुनर्गठन की अनुशंसा एमआईसी में की गई। अब सामान्य सभा की बैठक में यह प्रस्ताव सदन में लाया जायेगा।

---

**धरसीवां और गुरुर ब्लॉक में गंभीर जलसंकट की स्थिति**

# भू-जल दोहन के मामले में बेमेतरा सबसे आगे, सुकमा सबसे कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ राज्य में भू-जल दोहन की अवस्था 49.58 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय स्तर पर 63.33 प्रतिशत की तुलना में कम है। राज्य के चार जिले बालोद, बेमेतरा, धमतरी, दुर्ग में भू-जल दोहन की अवस्था 70 प्रतिशत से अधिक है। बालोद जिले का गुरुर ब्लॉक भू-जल दोहन के मामले में सबसे आगे है, जहां भू-जल दोहन का प्रतिशत सबसे अधिक है, जबकि बेमेतरा जिला भू-जल दोहन के मामले में सबसे आगे है।

सुकमा जिले में भू-जल दोहन का प्रतिशत सबसे कम है। राज्य में धरसीवां और गुरुर ब्लॉक में गंभीर जलसंकट की स्थिति है। अब चार और ब्लॉक इस स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं। इनमें बेरला, नवागढ़, बसना और पिथौरा शामिल हैं। भूजल विदों का कहना है कि राज्य में पहले 36 फीसदी भूजल का इस्तेमाल होता था, जो बढ़कर 49 फीसदी हो गया है। अभी हालात बिगड़े नहीं हैं, लेकिन अगर सुधार की दिशा में काम नहीं किया गया, तो अन्य हिस्सों में भी पानी के लिए त्राहि-त्राहि शुरू हो जाएगी। प्रदेश में 146 में से 116 ब्लॉक फिलहाल जलसंकट से दूर हैं। 22 को सेमी क्रिटिकल और 5 को क्रिटिकल माना गया है। गुरुर ब्लॉक में कुछ सुधार जरूर हुआ है, लेकिन यह काफी नहीं है। यह ब्लॉक अतिदोहन से निकलकर क्रिटिकल की श्रेणी में आ गया है। चिंता की बात यह है कि चार नए ब्लॉक सेमी क्रिटिकल स्थिति में हैं। केंद्रीय भूजल बोर्ड और राज्य के भूजल विभाग की रिपोर्ट में चिंताजनक बात सामने आई है। भूजल का दोहन 8 फीसदी बढ़ा है। धरसीवां ब्लॉक सेमी क्रिटिकल से क्रिटिकल श्रेणी में आ गया है। जहां भूजल का 100 फीसदी या इससे ज्यादा इस्तेमाल होता है, उस विकासखंड को अतिदोहन की श्रेणी में रखा जाता है। जबकि 90 से 100 फीसदी तक भूजल पर निर्भर रहने वाले ब्लॉकों को क्रिटिकल यानी संकटपूर्ण माना जाता है। 70 से 90 फीसदी तक इस्तेमाल करने वाले सेमी क्रिटिकल और 70 फीसदी से कम भूजल स्त्रोत का दोहन करने वाले ब्लॉक को सुरक्षित श्रेणी में रखा जाता है।

#### 11 जिले सेमी क्रिटिकल

146 ब्लॉकों में से 38 ब्लॉकों में निष्कर्षण की अवस्था 30 प्रतिशत से कम है, 29 ब्लॉकों में विकास की अवस्था 30 से 50 प्रतिशत के बीच है। 49 ब्लॉकों में 50 से 70 प्रतिशत के बीच है। केवल 30 ब्लॉकों ने 70 प्रतिशत से अधिक विकास की अवस्था प्राप्त की है। पूरे राज्य में निष्कर्षण की अवस्था केवल 49.5 प्रतिशत है। मूल्यांकन इकाइयों का वर्गीकरण- 146 ब्लॉकों में से 6 इकाइयों को 'महत्वपूर्ण', 24 इकाइयों को 'अर्ध-महत्वपूर्ण' और 116 इकाइयों को 'सुरक्षित' ब्लॉकों की श्रेणी में रखा गया है। ब्लॉकों की कोई 'अति-शोषित' और 'खारे' श्रेणियां नहीं हैं। बालोद, बेमेतरा, बिलासपुर, धमतरी में क्रिटिकल और सेमी क्रिटिकल ब्लॉक बांटे गए हैं। दुर्ग, गरियाबंद, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, कांकेर, कोरबा, महासमुंद, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव, और सूरजपुर जिले। शेष सभी उपइकाइयों को भूजल से सुरक्षित श्रेणी में

#### क्रिटिकल और सेमी क्रिटिकल ब्लॉक

गुरूर, धरसीवां ब्लॉक क्रिटिकल में हैं। बेरला, नवागढ़, बसना, पिथोरा, बरमकेला, धमतरी, बेमेतरा, साजा, बैथा, तखतपुर, कुरुद, धमधा, दुर्ग, पाटन,राजिम, मरकाटोला, कवर्धा, पंडरिया, डोंगरगांव, राजनांदगांव, बालोद, नवागढ़ और पुसोर सेमी क्रिटिकल में हैं।

#### भूजल के बेहतर प्रबंधन की दरकार

जल प्रबंधन सूचकांक रिपोर्ट के मुताबिक छत्तीसगढ़ में पानी की कमी नहीं है, लेकिन जल प्रबंधन को लेकर राज्य डेंजर जोन में आता रहा है। इसमें ग्राउंड वाटर, वाटर हार्वेस्टिंग और गंदे पानी की ट्रीटमेंट की कमी प्रमुख कारण रहे हैं। भू:जल स्रोतों को बचाने जनसहभागिता बढ़ानी होगी, उद्योगों में भी पानी के प्रबंधन पर फोकस, सिंचाई के नए तरीके, कम पानी की खपत वाली फसलों को प्रोत्साहन, वनीकरण रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर शेड्स तालाबों का निर्माण, डबरी का निर्माण, बहुत गहरे में जा चुके स्त्रोत से कम निकासी।

### छग महार समाज का महाधिवेशन कल

**रायपुर।** छग महार समाज (कोसरिया शाखा) का प्रदेश स्तरीय महाधिवेशन 29 व 30 मार्च को ग्राम मरारटोला (गोटाटोला) जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में आयोजित है। 29 मार्च को नम्रता सिंह के मुख्य अतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा तथा अध्यक्षता समाज के प्रदेश प्रमुख श्रीराम शैलेंद्र करेंगे। प्रातः 10 बजे से भगवान नारायण देव की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत होगी। अतिथियों तथा सामाजिक पदाधिकारियों एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान सामाजिक नियमावली पर विचार एवं चर्चा कर सामाजिक समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। 30 मार्च के कार्यक्रम में इंद्रशाह मंडावी, विधायक मोहला मानपुर मुख्य अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम में सामाजिक उत्थान पर चर्चा कर प्रदेश कार्यकारिणी का निर्वाचन एवं शपथ ग्रहण तथा सामाजिक समस्याओं का निराकरण कर शाम 6 बजे समापन किया जाएगा।

# मंडियों की आय में 30 फीसदी की कमी, मार्कफेड पर बकाया है 280 करोड़

- बकाया राशि जल्द अदा करने की तैयारी में है मार्कफेड
- पिछले साल साढ़े 11 प्रतिशत आय घटी, इस साल 30 प्रतिशत




खास खबर

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

छत्तीसगढ़ की कृषि उपज मंडियों की आय में पिछले दो साल में भारी कमी आई है। वर्ष 2022-23 में यह कमी करीब साढ़े 11 प्रतिशत थी, जो 2025-25 में नवंबर तक की स्थिति में बढ़कर 30 प्रतिशत हो गई है। यानी मंडी की आय में चालू वित्तीय वर्ष में ही एक तिहाई की कमी हो चुकी है।

मंडी बोर्ड के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आय में कमी का कारण ये है कि मार्कफेड सोसाइटियों के माध्यम से जो धान खरीदता है, उस पर दो प्रतिशत मंडी शुल्क लगता है। यह राशि मार्कफेड को अदा करनी होती है। इस साल यह बकाया राशि करीब 280 करोड़ रुपए होती है। छत्तीसगढ़ के कृषि मंडियों में पिछले दो वित्तीय वर्षों (2022-23 और 2023-24) में आय में भारी कमी दर्ज की गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मंडियों की आय में इस अवधि के दौरान लगभग 11.56 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि 2024-25 (अप्रैल से नवंबर तक) के प्रारंभिक आंकड़े और भी निराशाजनक हैं, जिसमें आय में 29.99 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई है।

**मार्कफेड को अदा करने हैं 280 करोड़**

मंडी से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि मार्कफेड द्वारा राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने वाले धान पर कुल मिलाकर दो प्रतिशत मंडी शुल्क देना होता है। यह राशि देने में देरी के कारण मंडियों की आय में कमी हुई है। इधर मार्कफेड के सूत्रों का कहना है कि पिछले साल वर्ष 2023-24 की राशि का 50 प्रतिशत यानि करीब 280 करोड़ रुपए अदा किया गया है। इसका आधा 280 करोड़ रुपए बकाया है। यह राशि भी जल्द ही अदा कर दी जाएगी।

### मंडी की आय में गिरावट के आंकड़े

राज्य सरकार द्वारा जारी एक आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022-23 में छत्तीसगढ़ के संभागों की मंडियों (रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर, बस्तर ) से कुल 59033.34 लाख रुपये की आय हुई थी, जो वर्ष 2023-24 में घटकर 52211.54 लाख रुपये रह गई। यह कमी लगभग 6821.80 लाख रुपये की है, जो 11.56 प्रतिशत के नकारात्मक विकास को दर्शाती है। इसी तरह, वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 (अप्रैल से नवंबर तक) में आय और भी कम होकर 19215.30 लाख रुपये तक सीमित रह गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि (7728.44 लाख रुपये) से 29.99 प्रतिशत कम है।

### बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग संभाग में सबसे ज्यादा कमी

संभागवार आंकड़ों पर नजर डालें तो रायपुर संभाग की मंडियों में 2022-23 में 17523.53 लाख रुपये की आय दर्ज की थी, जो 2023-24 में 17749.63 लाख रुपये हो गई, लेकिन वृद्धि केवल 0.16 प्रतिशत रही। वहीं, 2024-25 में यह आय 7728.44 लाख रुपये पर सिमट गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 56.46 प्रतिशत की भारी गिरावट को दर्शाता है। इसी तरह, दुर्ग संभाग की मंडियों की आय 2022-23 में 17745.37 लाख रुपये थी, जो 2023-24 में 12114.49 लाख रुपये तक गिर गई, यानी 31.73 प्रतिशत की कमी। बिलासपुर में भी स्थिति खराब रही, जहां आय 12476.81 लाख रुपये से घटकर 13610.13 लाख रुपये हुई, जो केवल 9.08 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दिखाती है।

---

## खबर संक्षेप



### मंत्री राजवाड़े से आश्वासन मिलने के बाद पर्यवेक्षकों ने खत्म की हड़ताल

**रायपुर।** प्रदेशभर के आंगनबाड़ी केंद्रों के पर्यवेक्षकों ने गुरुवार को पिछले लगभग 17 दिनों से जारी ऑनलाइन हड़ताल को खत्म कर दिया। पर्यवेक्षक संघ की महिला पदाधिकारियों ने गुरुवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से अपनी मांगों को लेकर मुलाकात की। इस दौरान मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा। पर्यवेक्षक संघ से प्रदेशाध्यक्ष ऋतु परिहार के नेतृत्व में प्रदेश सचिव जयश्री साहू, कोषाध्यक्ष याचना शुक्ला, सहसचिव आशा पात्रे, प्रीति बघेल, रायपुर जिलाध्यक्ष रेखा राजपूत और सदस्य अंजू तिर्की के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने वेतन विसंगति, वेतनमान, पोषण ट्रेकर एप पर प्रशिक्षण, टीए आदि मांग पर मंत्री से चर्चा की। चर्चा के दौरान मंत्री ने बताया कि उनके द्वारा पहले भी उनकी मांगों से संबंधित फाइल शासन को भेजी गई हैं, और इस बार वे स्वयं वित्त मंत्री से चर्चा करेंगी।

### शशिकांत बोले- त्रिभुवन सहकारी विधेयक मील का पत्थर साबित होगा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने कहा, केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक संसद में पेश किया गया जो भारतीय सहकारिता के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। इसका उद्देश्य सहकारी क्षेत्र में शिक्षा ,शोध और प्रशिक्षण में क्रांति लाना है। विधेयक में प्रावधान है कि सभी राज्यों के सहकारी प्रशिक्षण संस्थानों को विश्वविद्यालय के अंतर्गत स्कूल या कॉलेज के रूप में पंजीकृत किया जाएगा, इसमें डिग्री ,डिप्लोमा और पीएचडी पाठ्यक्रम होंगे। प्रतिवर्ष करीब 8 लाख लोगों को विश्वविद्यालय से प्रमाण पत्र मिलने की उम्मीद है। यह देश में सहकारी शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत करेगा।

### गडकरी से मिले बृजमोहन लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण की मांग



**रायपुर।** रायपुर के लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रायपुर समेत पूरे राज्य में सड़क निर्माण और मरम्मत से जुड़े कई महत्वपूर्ण लंबित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की और इनके शीघ्र निराकरण की मांग की। श्री अग्रवाल ने बताया, पूर्व में इन विषयों को लेकर संबंधित मंत्रालय को पत्राचार किया गया था, किंतु अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्होंने पुनः इन मुद्दों को मंत्री के समक्ष रखा। चर्चा में राष्ट्रीय राजमार्ग-200 (सिमगा-लिमतरा-सरगांव-बिलासपुर) के लिमतरा बाईपास मार्ग में सर्विस रोड निर्माण, रायपुर रिंग रोड-1 (एन.एच. 53) के सर्विस रोड को 5 मीटर से बढ़ाकर 11 मीटर करना आदि प्रकरण का शीघ्र समाधान मुख्य है।

---

## प्रदेशभर में किया गया विरोध प्रदर्शन

# सीबीआई के छापे के विरोध में कांग्रेस ने भाजपा सरकार का जलाया पुतला




**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

सीबीआई ने ऑनलाइन बेटिंग केस में पूर्व सीएम भूपेश बघेल सहित 60 ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की थी, इसके विरोध में प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस ने इस एक्शन को मोदी सरकार के इशारे पर की गई कार्रवाई बताया है। गुरुवार को कांग्रेस के नेताओं ने सीबीआई द्वारा द्वेषपूर्ण तरीके से पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल, विधायक देवेंद्र यादव सहित विभिन्न कांग्रेस नेताओं के यहां सीबीआई के छापे के विरोध में भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। वहीं राजधानी रायपुर में कांग्रेस भवन गांधी मैदान के सामने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, पुतला दहन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पुलिस की हल्की झूमा झटकी भी हुई।

कांग्रेस नेताओं ने सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप मोदी सरकार पर लगाया है। पूरे तरीके से यह छत्तीसगढ़िया नेतृत्व को दबाने और डराने की कोशिश है। 15 महीने की विष्णु देव सरकार के पास जनता के लिए कोई उपलब्धि नहीं है, इसलिए जनता का ध्यान भटकाने के लिए यह सब किया गया है। साय सरकार ने प्रधानमंत्री के सामने यह दिखाने का प्रयास किया कि हम कार्रवाई कर रहे हैं, सीबीआई का दुरुपयोग कर माहौल तैयार करने की कोशिश की गई है। शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, केंद्र की भाजपा सरकार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि को खराब करने के उद्देश्य से काम कर रही है पूर्व में ईडी के छापे से इनको कुछ नहीं मिला था और अब सीबीआई के द्वारा उनके निवास स्थान पर छापा मारा गया है इस छापे से भी उनको कुछ हासिल होने वाला नहीं।

**ये थे मौजूद :** पुतला दहन कार्यक्रम में कन्हैया अग्रवाल, उधोराम वर्मा, मदन तालेड़ा, प्रमोद चौबे, सुरेश ठाकुर, प्रशांत ठेंगड़ी, दिनेश ठाकुर, जी श्रीनिवास, बंशी कन्नौजे, अविनय दुबे, माधव छुआ, अस्सु खान, सुयश शर्मा, अनिल रायचूरा, बबीता नत्थानी, संगीता दुबे, कल्पना सागर, पूनम यादव, पदमा कहार, पुष्पराज वैध, माधव साहू, अशोक ठाकुर, संदीप साहू, देव कुमार साहू, अमित शर्मा, संदीप तिवारी, उत्तम साहू, शिरीष अवस्थी, नवीन लाजरस, राधे नायक, मुन्ना मिश्रा, राज देवांगन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मोदी और शाह के इशारे पर छापे : विकास

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, केंद्रीय संस्थाएं नरेंद्र मोदी और अमित शाह के इशारों में द्वेषपूर्ण तरीके से कार्य कर रही है केंद्रीय संस्थाओं के माध्यम से कांग्रेस के नेताओं को डराने का काम कर रही है लेकिन कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता उनकी तानाशाही सरकार के खिलाफ एक जुट होकर लड़ाई लड़ता रहेगा।

### भाजपा ने कहा- कांग्रेस के प्रदर्शन से कार्यकर्ताओं की रही दूरी



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल ने कहा, केन्द्र और राज्य सरकार के खिलाफ गुरुवार को कांग्रेस का प्रदर्शन व पुतला दहन पूरे प्रदेश में नहीं हो पाना कांग्रेस की राजनीतिक दुर्दशा का स्पष्ट संकेत है, क्योंकि प्रदर्शन और पुतला दहन के जरिए दबाव बनाने के इस सियासी ड्रामे से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने दूरी बनाए रखी। श्री अग्रवाल ने कहा कि दरअसल, कांग्रेस की भूपेश सरकार के कार्यकाल में बड़े नेताओं और सत्ता के गलियारों में लगातार परिक्रमा व चरण वंदना करने वालों ने ही सारी मलाई चट की थी और कांग्रेस का आम कार्यकर्ता इतना उपेक्षित रहा कि न तो सत्ता में उसकी कोई भागीदारी तय हुई और न ही संगठन के स्तर पर उनकी पीड़ा के प्रति जरा भी संवेदना प्रदर्शित की गई। यह स्थिति पूरे प्रदेश में कांग्रेस के शासनकाल में रही। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के मंचों पर अपनी पीड़ा साझा की तो उल्टे कांग्रेस के आम कार्यकर्ताओं के आत्म-सम्मान को सरेआम स्लीपर सेल और सत्ता-सुख व सुविधाभोगी बताकर लहूलुहान करने का काम किया। श्री अग्रवाल ने कहा कि आज जब सीबीआई के छापे पड़े हैं तो वे कार्यकर्ता कांग्रेस नेताओं के बिगड़े बोल का हिसाब चुकता कर पूरे प्रदेश में इस आंदोलन से दूर ही रहे।

### संजय बोले- अगर नीयत साफ थी तो अपने कार्यकाल में महादेव सट्टा मामला सीबीआई को क्यों नहीं सौंपा



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई के छापों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चाहे जितना मिथ्या प्रलाप कर लें, प्रदेश की जनता अब उनके झूठे प्रपंचों के झांसे में नहीं आने वाली है। अपने मुख्यमंत्रित्व काल में तो बघेल ने सीबीआई को प्रतिबंधित कर रखा था। यदि उनकी नीयत साफ थी तो मुख्यमंत्री रहते हुए ही यह मामला सीबीआई को सौंप देते। जब सत्ता हाथ से चली गई तब वह इस मामले की सीबीआई से जांच की मांग करने लगे। श्री श्रीवास्तव ने कहा, अब सीबीआई जांच कर रही है तो दबाव बनाने के लिए सारे हथकण्डे अपना रहे हैं। महादेव सट्टा एप मामले में जिस तरह श्री बघेल ने भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार पर ठीकरा फोड़ने की नाकाम कोशिश की है, वह नितांत हास्यास्पद और उनके मानसिक असंतुलन का परिचायक है। श्री श्रीवास्तव ने कहा, प्रदेश में कांग्रेस की भूपेश सरकार एक ऐसी सरकार के तौर पर जानी जाती रही है, जो अपने ही राजस्व पर डाका डालने का काम करती रही और सरकारी खजाने की लूट को संरक्षण देती रही। श्री बघेल यह याद रखें कि महादेव सट्टा ऐप ही सिर्फ एक मामला नहीं है। ऐसे अनेक घोटाले हैं, जिनमें श्री बघेल की जवाबदेही बनती है।

---

# ईद पर छत्तीसगढ़ के 3500 मुस्लिम परिवारों को सौगात-ए-मोदी किट

**कल से शुरू होगा किट वितरण**



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

ईद के मौके पर छत्तीसगढ़ के जरूरतमंद मुस्लिम परिवारों के घरों तक सौगात-ए-मोदी किट पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। छग राज्य वक्फ बोर्ड ने किट वितरण के लिए कवायद में जुटा है। बताया जा रहा है कि किट में आधा किलो खजूर, आधा किलो ड्राई फ्रूट,सेंवईयां, आधा किलो शक्कर, महिलाओं के लिए एक जोड़ी कपड़े दिए जाएंगे।



छत्तीसगढ़ में ईद के जश्न से पहले जरूरतमंद मुसलमानों के बीच खाने-पीने की चीजों और कपड़ों से भरी 'सौगात-ए-मोदी' किट बांटे जाने की शुरुआत कल से होगी। इस योजना के पीछे बीजेपी का मकसद है कि देश में सौहार्द्र, भाईचारा और मिली-जुली संस्कृति की पहचान आगे बढ़ती रहे। राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज का कहना है कि पीएम की पहल पर ऐसे गरीब मुसलमानों को किट दी जा रही है, जो ईद पर जरूरी सामग्री की खरीदी नहीं कर पाते। छत्तीसगढ़ में ऐसे 3500 मुस्लिम परिवारों को किट बांटी जाएगी। कांग्रेस बीजेपी की पहल पर निशाना साध रही है तो वहीं बीजेपी सौगात-ए-मोदी' किट देकर सरकार के मूलमंत्र 'सबका साथ, सबका विकास और सबके लिए प्रयास' को जमीन पर चरितार्थ कर रही है।

### कांग्रेस ने कहा- खैरात की जरूरत नहीं

सौगात-ए-मोदी किट बांटने के संबंध में कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ल ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि मुस्लिमों को बीजेपी से खैरात की जरूरत नहीं है। बीजेपी कभी मुस्लिमों का सम्मान नहीं करती। खैरात बांटकर क्या जताना चाहती है?

---

# दिल्ली में कांग्रेस जिला अध्यक्षों की बैठक

## संगठन को मजबूती देने पर राहुल गांधी करेंगे चर्चा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

एआईसीसी ने संगठन को मजबूती देने छत्तीसगढ़ के जिला कांग्रेस अध्यक्षों की दिल्ली में बैठक बुलाई है। कांग्रेस में संगठन के मामलों लगातार टकराव को देखते हुए यह बैठक महत्वपूर्ण होगी। कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में दिल्ली में जिला अध्यक्षों के साथ मैराथन बैठक शुरू होने जा रही है।

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इस बैठक में दिल्ली के बजाय पार्टी को जिलों से चलाने पर चर्चा कर सकते हैं। बताया गया है कि पार्टी को जिलों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। कांग्रेस लीडरशिप की बैठक में राहुल गांधी के अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के संगठन महासचिव वेणुगोपाल भी शामिल होंगे। यह बैठक कांग्रेस के नए मुख्यालय इंदिरा गांधी भवन में आयोजित होगी। कांग्रेस लीडरशिप के साथ जिलाध्यक्षों की बैठक 27, 28 मार्च और 3 अप्रैल को कई सत्रों में आयोजित की जाएगी। कांग्रेस लीडरशिप के साथ जिलाध्यक्षों की दूसरी बैठक 3 अप्रैल को होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के जिलाध्यक्ष शामिल होंगे।

### सिस्टम में बदलाव का प्रस्ताव

बैठक में प्रस्तावित सिस्टम के बदलाव पर चर्चा होगी, इसके बाद इसे अहमदाबाद में होने वाली कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में रखा जाएगा। जहां इस पर चर्चा के बाद पार्टी में बदलाव के प्रस्ताव को अधिवेशन में पास किया जाएगा।

### बैज आज जाएंगे दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज शुक्रवार को दिल्ली जाएंगे। बताया जाता है कि पार्टी नेताओं से मुलाकात करेंगे। साथ ही संगठन में नई नियुक्तियों को लेकर चर्चा करेंगे।

---

**सभापति सूर्यकांत राठौर ने कहा निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित करने अधिकृत एजेंसी को बुलायेंगे**

# 90 फीसदी पार्षद नए, निगम की कार्यप्रणाली से अवगत कराने अप्रैल में होगा प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**



सभापति सूर्यकांत राठौर ने कहा है कि इस बार रायपुर नगर निगम में 90 फीसदी नये पार्षद चुनाव जीतकर आये हैं, इन्हें नगर निगम की कार्यप्रणाली से अवगत कराने अप्रैल में प्रशिक्षण देने कार्यक्रम रखा जायेगा। साथ ही सभी पार्षदों को नगर निगम एक्ट की पुस्तक उपलब्ध कराई जायेगी। निर्वाचित पार्षदों को प्रशिक्षण देने नगर निगम में प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा जायेगा। इसके लिए निगम आयुक्त विश्वदीप को निर्देशित किया गया है। मुंबई, दिल्ली, भुवनेश्वर में ऐसी एजेंसी है जो नगरीय निकाय के निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण देने का काम करती है। भविष्य इन तीनों में से किसी एक शहर की एजेंसी सेवा ली जायेगी। गांधी सदन के सभापति कक्ष में पत्रकारों को संबोधित करते हुये नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सदन की गरिमा को ध्यान में रखते हुये कुछ परिवर्तन सामान्य सभा में किये जाएंगे। इस बार सामान्य सभा के दौरान मोबाइल में बात करने, वीडियो देखने या रिकार्ड करने पर प्रतिबंध रहेगा। जो भी सदस्य इस नियम को तोड़ता नजर आयेगा उसका मोबाइल जब्त होगा। सदन में अब पूर्व की तरह चाय, नाश्ता या पानी नहीं चलेगा। इसके लिए सदन के बाहर अलग से व्यवस्था रहेगी। 28 मार्च को होने जा रही सामान्य सभा की बैठक में विषय, तथ्य और तर्क का विशेष स्थान रहेगा।



### एमआईसी की बैठक में जोन पुनर्गठन का प्रस्ताव पारित

महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में गुरुवार को गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में एमआईसी की बैठक आयोजित की गई। इसमें जोन के पुनर्गठन करने संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा के बाद इसकी अनुशंसा कर सामान्य सभा में चर्चा के लिए रखने के निर्देश दिये। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा रखे गये प्रस्ताव में दस जोनों के पुनर्गठन करने के संबंध में सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया। वर्तमान में रायपुर नगर निगम के 10 जोन कार्यालय और 70 वार्ड हैं। प्रत्येक जोन के हिसाब से 7-7 वार्डों का विभाजन किया जाना था। पर नगरीय निकाय चुनाव से पहले वर्ष 2024 के वार्ड परिसीमन के अनुसार वर्तमान में जोन 9 और जोन 10 में 7 वार्ड से अतिरिक्त होकर 8-8 वार्ड हैं और जोन क्रमांक 3 में सिर्फ 5 वार्ड हैं। इसके कारण असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जिसे सुचारू रूप से संचालन किये जाने के लिये नये जोन गठन किया जाना प्रस्तावित है। इसी संबंध में गुरूवार को एमआईसी में चर्चा कर जोन पुनर्गठन की अनुशंसा एमआईसी में की गई। अब सामान्य सभा की बैठक में यह प्रस्ताव सदन में लाया जायेगा।

---

## धरसीवां और गुरुर ब्लॉक में गंभीर जलसंकट की स्थिति

# भू-जल दोहन के मामले में बेमेतरा सबसे आगे, सुकमा सबसे कम

हरिभूमि सरोकार

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

छत्तीसगढ़ राज्य में भू-जल दोहन की अवस्था 49.58 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय स्तर पर 63.33 प्रतिशत की तुलना में कम है। राज्य के चार जिले बालोद, बेमेतरा, धमतरी, दुर्ग में भू-जल दोहन की अवस्था 70 प्रतिशत से अधिक है। बालोद जिले का गुरुर ब्लॉक भू-जल दोहन के मामले में सबसे आगे है, जहां भू-जल दोहन का प्रतिशत सबसे अधिक है, जबकि बेमेतरा जिला भू-जल दोहन के मामले में सबसे आगे है।

सुकमा जिले में भू-जल दोहन का प्रतिशत सबसे कम है। राज्य में धरसीवां और गुरुर ब्लॉक में गंभीर जलसंकट की स्थिति है। अब चार और ब्लॉक इस स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं। इनमें बेरला, नवागढ़, बसना और पिथौरा शामिल हैं। भूजल विदों का कहना है कि राज्य में पहले 36 फीसदी भूजल का इस्तेमाल होता था, जो बढ़कर 49 फीसदी हो गया है। अभी हालात बिगड़े नहीं हैं, लेकिन अगर सुधार की दिशा में काम नहीं किया गया, तो अन्य हिस्सों में भी पानी के लिए त्राहि-त्राहि शुरू हो जाएगी। प्रदेश में 146 में से 116 ब्लॉक फिलहाल जलसंकट से दूर हैं। 22 को सेमी क्रिटिकल और 5 को क्रिटिकल माना गया है। गुरुर ब्लॉक में कुछ सुधार जरूर हुआ है, लेकिन यह काफी नहीं है। यह ब्लॉक अतिदोहन से निकलकर क्रिटिकल की श्रेणी में आ गया है। चिंता की बात यह है कि चार नए ब्लॉक सेमी क्रिटिकल स्थिति में हैं। केंद्रीय भूजल बोर्ड और राज्य के भूजल विभाग की रिपोर्ट में चिंताजनक बात सामने आई है। भूजल का दोहन 8 फीसदी बढ़ा है। धरसीवां ब्लॉक सेमी क्रिटिकल से क्रिटिकल श्रेणी में आ गया है। जहां भूजल का 100 फीसदी या इससे ज्यादा इस्तेमाल होता है, उस विकासखंड को अतिदोहन की श्रेणी में रखा जाता है। जबकि 90 से 100 फीसदी तक भूजल पर निर्भर रहने वाले ब्लॉकों को क्रिटिकल यानी संकटपूर्ण माना जाता है। 70 से 90 फीसदी तक इस्तेमाल करने वाले सेमी क्रिटिकल और 70 फीसदी से कम भूजल स्त्रोत का दोहन करने वाले ब्लॉक को सुरक्षित श्रेणी में रखा जाता है।

### 11 जिले सेमी क्रिटिकल

146 ब्लॉकों में से 38 ब्लॉकों में निष्कर्षण की अवस्था 30 प्रतिशत से कम है, 29 ब्लॉकों में विकास की अवस्था 30 से 50 प्रतिशत के बीच है। 49 ब्लॉकों में 50 से 70 प्रतिशत के बीच है। केवल 30 ब्लॉकों ने 70 प्रतिशत से अधिक विकास की अवस्था प्राप्त की है। पूरे राज्य में निष्कर्षण की अवस्था केवल 49.5 प्रतिशत है। मूल्यांकन इकाइयों का वर्गीकरण- 146 ब्लॉकों में से 6 इकाइयों को 'महत्वपूर्ण', 24 इकाइयों को 'अर्ध-महत्वपूर्ण' और 116 इकाइयों को 'सुरक्षित' ब्लॉकों की श्रेणी में रखा गया है। ब्लॉकों की कोई 'अति-शोषित' और 'खारे' श्रेणियां नहीं हैं। बालोद, बेमेतरा, बिलासपुर, धमतरी में क्रिटिकल और सेमी क्रिटिकल ब्लॉक बांटे गए हैं। दुर्ग, गरियाबंद, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, कांकेर, कोरबा, महासमुंद, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव, और सूरजपुर जिले। शेष सभी उपइकाइयों को भूजल से सुरक्षित श्रेणी में रखा गया है।

### क्रिटिकल और सेमी क्रिटिकल ब्लॉक

गुरूर, धरसीवां ब्लॉक क्रिटिकल में हैं। बेरला, नवागढ़, बसना, पिथोरा, बरमकेला, धमतरी, बेमेतरा, साजा, बैथा, तखतपुर, कुरुद, धमधा, दुर्ग, पाटन,राजिम, मरकाटोला, कवर्धा, पंडरिया, डोंगरगांव, राजनांदगांव, बालोद, नवागढ़ और पुसोर सेमी क्रिटिकल में हैं।

### भूजल के बेहतर प्रबंधन की दरकार

जल प्रबंधन सूचकांक रिपोर्ट के मुताबिक छत्तीसगढ़ में पानी की कमी नहीं है, लेकिन जल प्रबंधन को लेकर राज्य डेंजर जोन में आता रहा है। इसमें ग्राउंड वाटर, वाटर हार्वेस्टिंग और गंदे पानी की ट्रीटमेंट की कमी प्रमुख कारण रहे हैं। भू:जल स्रोतों को बचाने जनसहभागिता बढ़ानी होगी, उद्योगों में भी पानी के प्रबंधन पर फोकस, सिंचाई के नए तरीके, कम पानी की खपत वाली फसलों को प्रोत्साहन, वनीकरण रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर शेड्स तालाबों का निर्माण, डबरी का निर्माण, बहुत गहरे में जा चुके स्त्रोत से कम निकासी।

### छग महार समाज का महाधिवेशन कल

**रायपुर।** छग महार समाज (कोसरिया शाखा) का प्रदेश स्तरीय महाधिवेशन 29 व 30 मार्च को ग्राम मरारटोला (गोटाटोला) जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में आयोजित है। 29 मार्च को नम्रता सिंह के मुख्य अतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा तथा अध्यक्षता समाज के प्रदेश प्रमुख श्रीराम शैलेंद्र करेंगे। प्रातः 10 बजे से भगवान नारायण देव की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत होगी। अतिथियों तथा सामाजिक पदाधिकारियों एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान सामाजिक नियमावली पर विचार एवं चर्चा कर सामाजिक समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। 30 मार्च के कार्यक्रम में इंद्रशाह मंडावी, विधायक मोहला मानपुर मुख्य अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम में सामाजिक उत्थान पर चर्चा कर प्रदेश कार्यकारिणी का निर्वाचन एवं शपथ ग्रहण तथा सामाजिक समस्याओं का निराकरण कर शाम 6 बजे समापन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### सिंधु संस्कार की स्कूटर रैली में 2000 से अधिक महिलाएं हुईं शामिल

**रायपुर।** भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव, चेट्रीचंड्र के उपलक्ष्य में सिंधु संस्कार सेवा समिति महिला विंग ने भव्य महिला स्कूटर रैली निकाली, जिसमें 2000 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया, यह देश की सबसे बड़ी रैली का कीर्तिमान बना। सिंधु संस्कार सेवा समिति की महिला अध्यक्ष डिंपल शर्मा भावना चांदनी ने बताया, स्कूटर रैली मां वैभवलक्ष्मी मंदिर मांढर वाली माता एवं सिंधु अमरधाम चकरभाठा की भाभी मां बरखा जसूजा के सानिध्य में निकाली गई। यह रैली सिंधु पैलेस से प्रारंभ हुई, जहां शंकर नगर शांति नगर पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा सभी महिलाओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई, तत्पश्चात पंचायत के पदाधिकारी एवं मुखी गणों ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस दौरान अशोक नेनवानी, अमर गिदवानी, सचिन मेघानी, अशोक माखीजा, भारत रामानी, सतीश छुगानी, अशोक मालानी एवं विकास रूपरेला, महेश रोहरा, राजा बजाज, झामन दास बजाज एवं अन्य सभी मुखी शामिल थे, रैली बीटीआई चौक से तेलीबांधा पहुंची, जहां अजीत कुकरेजा एवं पूज्य सिंधी पंचायत तेलीबांधा द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

### डॉल्फिन सोसाइटी का निरीक्षण कचरा संग्रहण और पानी समस्या के जल्द समाधान के निर्देश



**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने गुरुवार को जोन आयुक्त और निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ डॉल्फिन ज्वेलो सोसाइटी का निरीक्षण किया। इस दौरान सोसाइटी के सचिव एस. दासगुप्ता और कुछ निवासियों के साथ डोर-टू-डोर कचरा संग्रहणऔर नगर निगम से पेयजल लाइन उपलब्धता सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। निगम आयुक्त ने संबंधित जोन आयुक्त को निर्देश दिए कि कचरा संग्रहण की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में इस तरह की कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पानी की समस्या को लेकर आयुक्त ने बताया कि इसकी जांच और विश्लेषण के लिए एक तकनीकी टीम नियुक्त की जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर पानी की लाइन के कनेक्शन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। विदित हो, पिछले सप्ताह डॉल्फिन सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम और जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर पानी और कचरा संग्रहण की समस्याओं से अवगत कराया था। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त और जोन आयुक्त ने सोसाइटी का दौरा कर स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

### पोषण माह-2025 के आयोजन एवं अभिसरण कार्ययोजना पर बैठक आज

**रायपुर।** पोषण एवं एनीमिया के स्तर में कमी लाने के उद्देश्य से पोषण अभियान का संचालन राज्य के सभी जिलों में किया जा रहा है। इस वर्ष भी 8 से 22 अप्रैल 2025 तक पोषण माह का आयोजन किया जाना है। राज्य में पोषण माह 2025 के आयोजन एवं अभिसरण कार्ययोजना आदि पर चर्चा के लिए 28 मार्च को अपरान्ह 3 बजे से संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वितीय तल इन्द्रावती भवन के सभाकक्ष में बैठक आहूत की गई है। संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग जनमेजय महोबे ने पोषण अभियान से संबंधित नोडल अधिकारी को इस बैठक में उपस्थित होने कहा है।

# 10 साल बाद नेशनल रैंकिंग में भाग लेगा एचएनएलयू, छग का एक भी विवि शीर्ष-100 में नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विवि नेशनल रैंकिंग में हिस्सेदारी की तैयारी कर रहा है। संस्थान मौजूदा वर्ष में एनआईआरएफ अर्थात नेशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क में भाग लेगा। इस रैंकिंग के जरिए देशभर के शैक्षणिक संस्थानों की स्थिति तय की जाती है।

2015 में इसकी शुरुआत से लेकर अब तक प्रदेश का कोई भी विश्वविद्यालय शीर्ष-100 में भी अपनी जगह नहीं बना पाया है। आईआईएम, एनआईटी अपनी श्रेणियों में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन करते रहे हैं, लेकिन ओवरऑल परफॉर्मेंस में छग सामान्यतः पीछे ही रहा है। विधि विवि अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। यदि वह इस वर्ष एनआईआरएफ में भागीदारी करता है तो यह पहली बार होगा, जब वह इसमें शामिल होगा। हालांकि विविध प्लेटफॉर्म पर विधि विवि की पृथक रूप से होने वाली रैंकिंग का एचएनएलयू हिस्सा रहा है।

एनआईआरएफ में शैक्षणिक संस्थान द्वारा छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं, शैक्षणिक गुणवत्ता, रिसर्च सहित अन्य बिंदुओं का निरीक्षण करने के बाद रैंक प्रदान किए जाते रहे हैं।

- 2015 में हुई थी नेशनल रैंकिंग की शुरुआत, विधि विवि अब तक बनाता रहा है दूरी
- आईआईएम, एनआईटी सहित अन्य शैक्षणिक संस्थान होते हैं प्रतिवर्ष शामिल



**हिस्सेदारी की तैयारी**

हम एनआईआरएफ में भाग लेने की तैयारी कर रहे हैं। आधी-अधूरी तैयारियों के साथ हिस्सा लेने से बेहतर है कि सभी मापदंडों में श्रेष्ठ होने के बाद इसका हिस्सा बना जाए। **-प्रो.वीसी विवेकानंदन,** कुलपति, एचएनएलयू

### एमएचआरडी करता है रैंकिंग

2015 में एमएचआरडी (मानव संसाधन विकास मंत्रालय) द्वारा इसे शुरू किया गया था। राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग के लिए एक पद्धति है यह भारत सरकार की एक पहल है, जो उच्च शिक्षा संस्थानों का मूल्यांकन और रैंकिंग करती है। इसका उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। यह संस्थानों को विभिन्न श्रेणियों और ज्ञान के क्षेत्रों में रैंक करता है। इसकी शुरुआत से लेकर अब तक अधिकतर प्रदेश के अधिकतर शैक्षणिक संस्थान इसका हिस्सा बनते आए हैं। पं.रविशंकर शुक्ल विवि, केंद्रीय विवि, दुर्ग विवि और प्रदेश के अन्य शासकीय विश्वविद्यालय पिछले 15 सालों में एक बार भी शीर्ष-100 में शामिल नहीं हो सके हैं। विगत कुछ वर्षों से प्रदर्शन अधिक खराब हुआ है। कई विवि शीर्ष-150 से भी बाहर हो गए हैं।

## बिना रायल्टी पर्ची काटे दूसरे जिले में भी जा रहीं गाड़ियां

# आरंग-अभनपुर क्षेत्र में अनुमति बिना खदानों में चल रहा रेत का अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव खत्म होने के बाद से रायपुर जिले में एक बार फिर रेत का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी हो गया है। जिले के आरंग और अभनपुर क्षेत्र में कई खदानों में खनिज और पर्यावरण विभाग से अनुमति लिए बिना रेत का उत्खनन किया जा रहा है।

वहीं उत्खनन के बाद रेत को हाईवा में मशीनों से लोड कराकर बिना रॉयल्टी काटे रायपुर के विभिन्न क्षेत्रों के साथ दूसरे जिलों में भी भेजा जा रहा है। इससे प्रशासन को हर दिन करीब डेढ़ से दो करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। इधर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अवैध उत्खनन और परिवहन को रोकने के लिए लगातार निरीक्षण किया जाता है, लेकिन हकीकत में विभागीय की टीम द्वारा अब तक खानापूर्ति कार्रवाई ही गई है, जिसके कारण रेत माफिया के हौसले बुलंद हैं।



### 13 में 8 खदानों को ही एनओसी

रायपुर जिले में 13 खदानों को ठेके पर दिया गया है। इसमें से 8 खदानों को ही राज्य पर्यावरण विभाग से उत्खनन की अनुमति मिली हुई है, वहीं 5 खदानों को अब तक अनुमति नहीं मिल पाई है। इसके बाद भी सभी खदानों में रेत का उत्खनन किया जा रहा है। जिन खदानों को अनुमति नहीं मिल पाई है, उनमें ज्यादातर आरंग क्षेत्र की हैं। हालांकि अभनपुर क्षेत्र में भी रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है।

### कलेक्टर ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

जिले में रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन लगातार बढ़ रहा है। कलेक्टर गौरव सिंह ने गुरुवार को खनिज विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने रेत के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

### निरीक्षण के बाद की जा रही कार्रवाई

अवैध रेत उत्खनन और परिवहन की कुछ शिकायतें मिली हैं। इन शिकायतों के आधार पर जिले में पिछले दो सप्ताह के दौरान निरीक्षण कर कार्रवाई भी की गई है। कार्रवाई की विस्तृत जानकारी 31 मार्च के बाद ही दे पाएंगे।

**- केके गोलघाटे,** उप संचालक, खनिज विभाग रायपुर

### नदी के उस पार का ठेका उत्खनन रायपुर सीमा क्षेत्र में किया जा रहा

अभनपुर क्षेत्र में ग्राम दुलना में नदी किनारे से रेत का जमकर अवैध उत्खनन किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार यह उत्खनन नदी के उस पर धमतरी जिले के ग्राम चमसुर खदान के ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। चमसुर खदान में गाड़ियां जाने का रास्ता नहीं है, इसलिए ठेकेदार द्वारा ग्राम दुलना में चेनमाउंटेन मशीन के माध्यम से उत्खनन कराया जा रहा है। हाईवा गाड़ियों में लोडिंग कराने के बाद हर दिन गाड़ियां अभनपुर क्षेत्र से दुर्ग और धमतरी की ओर जा रही है। उल्लेखनीय है कि चालू माह में ही दुलना से रेत लोडिंग कराकर निकली दो हाईवा ग्राम गिलौरा स्थित अंबेडकर चौक के पास पंचर हो गई थी। इसकी सूचना विभाग को भी दी गई थी, लेकिन टीम के मौके पर पहुंचने से पहले दोनों गाड़ियों के चालक पंचर बनाकर वहां से फरार हो गए। विभागीय अधिकारियों ने हाईवा के नंबर के आधार पर गाड़ियों का पता लगाकर कार्रवाई करने की बात कहीं थी, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं की गई है।

## विश्व शांति महायज्ञ : निकली कलश यात्रा, साधु-संतों ने किया नगर भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



राजधानी रायपुर के गॉस मेमोरियल मैदान में गुरुवार को विश्व शांति महायज्ञ का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली और साधु-संतों का नगर भ्रमण तथा भजन-कीर्तन का दिव्य आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के कोने-कोने से आए सैकड़ों साधु-संतों, भक्तों और आध्यात्मिक विदुषियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम महिमा अलेख और भजन-कीर्तन के साथ राष्ट्रीय संत बाबा उदयनाथ के पुण्य उपस्थिति और अगवाई में किया जा रहा है। सामाजिक सद्भाव और नशामुक्ति को समर्पित यह महायज्ञ तीन दिनों तक चलेगा। सैकड़ों युवा यहां नशे की आदत त्यागने की शपथ और नशे की आहुति देने का संकल्प लेंगे। महिलाएं, पुरुष और युवा, भक्त निस्वार्थ भाव से सेवाकार्य में जुटे हैं, जिससे पूरे मैदान में भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी के जीवन में सुख, शांति, खुशहाली, समृद्धि, सामाजिक समरसता और भाईचारे को बढ़ावा देना है।

### चारों ओर शांति और भक्ति का माहौल

विश्व शांति अखंड ब्रह्म महायज्ञ के मीडिया प्रभारी अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, यह एक ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और गरिमामयी आयोजन है, जिसमें देशभर सहित छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से आए साधु-संतों और भक्तों की उपस्थिति इसे अद्वितीय बना रही है। यहां चारों ओर शांति और भक्ति का वातावरण है, जो सभी के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रहा है। अगले दो दिनों तक यज्ञ, भजन-कीर्तन, धर्मोपदेश और सामूहिक संकल्प कार्यक्रम जारी रहेंगे। सभी धर्म, संप्रदाय और समाज के लोगों से इस आयोजन में सहभागी बनने और विश्व शांति व सद्भावना के संदेश को फैलाने का अनुरोध किया गया है। यह महायज्ञ तीन दिवसीय 27 से 29 मार्च तक जारी रहेगा।

# पौनी-पसारी मार्केट में लौटी रौनक, सड़क तक पसरा लगाने वालों की अब शिफ्टिंग


अव्यवस्था : रायपुर व बिरगांव निगम में युवाओं की योजना का दो साल से ऐसा हाल

पौनी पसारी के 144 चबूतरे भी दो साल से खाली, किसी में कब्जा, कहीं जम रहे नशेड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आवंटन की प्रक्रिया जल्द करेंगे

बाजार शुरू करने की प्रक्रिया की गई है

पसरा वाले भी तैयार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बिरगांव निगम के उरकुरा मुख्य मार्ग पर सब्जी बेचने के लिए पसरा लगाने वालों की वजह से आने-जाने वाले लोगों को रोज ट्रैफिक जाम से रूबरू होना पड़ता था, जबकि इनके लिए पौनी-पसारी के तहत बस्ती में ही बनवाए गए मार्केट में चबूतरे का आबंटन होने के बाद भी लोग जाने को तैयार नहीं थे। मामले को लेकर हरिभूमि ने खबर प्रकाशित की थी। इसे संज्ञान में लेते हुए निगम आयुक्त ने सब्जी बेचने वालों की शिफ्टिंग करवाई है।

रायपुर व बिरगांव निगम में युवाओं की योजनाओं का दो साल से ऐसा हाल..,पौनी पसारी के 144 चबूतरे भी दो साल से खाली, किसी में कब्जा, कहीं जम रहे नशेड़ी शीर्षक से हरिभूमि ने 27 जून को खबर भी प्रकाशित की थी। इसके बाद भी निगम के जिम्मेदारों ने चबूतरे का आबंटन करने के बाद फाइल दबा दी थी। नए निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वासा के ज्वॉनिंग के बाद क्षेत्र के लोग प्रकाशित की गई खबर की कटिंग को लेकर आयुक्त के पास लगातार शिकायत दर्ज कराई। आयुक्त ने बताया कि लोगों की समस्या और समाचार में उठाए गए मामले की गंभीरता को देखते हुए जिन लोगों को चबूतरा आबंटित किया गया था।

- हरिभूमि ने उरकुरा मार्ग तक सब्जी बेचने वालों के मामले को किया था प्रकाशित

उन सभी लोगों को पहले नोटिस जारी किया गया, उसके बाद भी लोग सड़क तक पसरा लगाते रहे। इसे देखते हुए कुछ दिनों पहले जुर्माना की कार्रवाई करते हुए मार्केट में बनवाए गए चबूतरे में शिफ्टिंग के लिए दबाव बनाते हुए व्यवस्था बहाली के लिए कार्रवाई की गई है। इससे लोगों को बड़ी राहत मिली है।

# चैंबर चुनाव में प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन, 3 जिलों में होगा मतदान

- प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष के लिए सिंगल नाम, निर्विरोध होगा निर्वाचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की चुनाव प्रक्रिया के तहत प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली के हस्ताक्षर से यह सूची जारी हुई। इसमें चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए सिंगल नाम आने से इन प्रमुख पदों पर निर्विरोध निर्वाचन होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली ने स्पष्ट किया है कि चूंकि 3 जिलों में मतदान होना बाकी है, इसलिए मतदान और मतगणना होने तक आचार संहिता लागू है। जिन पदों पर केवल एक-एक प्रत्याशी है, वे सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना के बाद प्रमाण पत्र जारी किए जाने तक अभी भी प्रत्याशी ही हैं। इसीलिये स्वयं को निर्विरोध निर्वाचित लिखकर प्रचार-प्रसार न करें। नामांकन वापसी के बाद प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष पद के लिए केवल एक-एक प्रत्याशी है, जिनमें अध्यक्ष पद के लिए सतीश कुमार थौरानी, महामंत्री अजय भसीन और कोषाध्यक्ष के लिए निकेश बरडिया का नाम प्रत्याशी के रूप में शामिल है। इसीलिए इन पदों के लिए चुनाव नहीं होंगे और निर्विरोध निर्वाचन होगा।

सरगुजा जिला उपाध्यक्ष पद के लिए 353 मतदाता मतदान करेंगे। इस पद के लिए मुकेश कुमार अग्रवाल और अजीत अग्रवाल प्रत्याशी हैं। इसी तरह रायगढ़ जिला मंत्री पद के लिए 1171 मतदाता मतदान करेंगे। जिला मंत्री पद के लिये शक्ति अग्रवाल और भरत लाल वलेचा प्रत्याशी हैं। महासमुंद जिला उपाध्यक्ष पद के लिये 479 मतदाता मतदान करेंगे इसके लिए प्रवीण अग्रवाल और संजय अग्रवाल प्रत्याशी हैं। इसके अलावा कबीरधाम,जशपुर और गौरेला पेंड्रा मरवाही जिलों से उपाध्यक्ष एवं मंत्री पद के लिये नामांकन नहीं भरे गए हैं। इसलिये यह पद निरंक रहेंगे।

29 मार्च को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक अधिकृत प्रत्याशियों के चुनाव चिन्ह के लियेआवेदन लिया जायेगा। इसके बाद 1 अप्रैल को समय शाम 6:00 बजे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा।

- मतगणना तक लागू रहेगी आचार संहिता

*जिला रायपुर के लिए प्रत्याशियों के नाम : जिला उपाध्यक्ष पद हेतुः लोकेश जैन, निलेश मूंदड़ा, शंकर बजाज, टी.श्रीनिवास रेड्डी, राज कुमार तारवानी, मनोज कुमार जैन, कन्हैयालाल गुप्ता, अशोक अग्रवाल।*

*जिला मंत्री पद के लिएः रविन्द्र सिंह चावला, अमर बरलोटा, दीपक विधानी, भरत पमनानी, राकेश वाधवानी, प्रशांत गुप्ता, कांति पटेल, आकाश धावना।*

### इन प्रत्याशियों के नाम में प्रथम जिला उपाध्यक्ष एवं द्वितीय जिला मंत्री पद के लिए है

0 बालोद - संजोग टावरी, स्वाधीन जैन
0 मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर : पंकज जैन, संजीव कुमार ताम्रकार.
0 कांकेर- अशोक कुमार राठी, महेश कुमार भोजवानी
0 कोरबा - जगदीश सोनी, कोई प्रत्याशी नहीं
0 कोरिया-अजय कुमार गुप्ता, शैलेन्द्र शर्मा.
0 गरियाबंद- अशोक सिंह राजपूत, अरुण कुमार मिश्रा.
0 दंतेवाडा-ओमप्रकाश सोनी, डुंगरमल सोनी
0 दुर्ग-अशोक राठी, दीपक चोपड़ा
0 धमतरी-दिनेश कुमार रोहरा,आलोक पांडे
0 बिलासपुर- नवदीप सिंह अरोरा, अनिल वाधवानी
0 बेमेतरा- केशव दास मोटवानी, चंदन सोनी
0 बलोदा बाजार- भाटापारा,श्रीचंद छाबडिया, सुभाष भट्टर
0 जिला भिलाई,चैंबर जिला- अनिल अग्रवाल,मनोहर कृष्णानी
0 मुंगेली- प्रेम आर्य,प्रवीण वैष्णव.
0 राजनांदगांव-आलोक बिन्दल, तरुण लहरवानी.
0 जांजगीर- चांपाः- विशाल केडिया, जीतेन्द्र कुमार चंद्राकर.
0 सक्तीः- शंकरलाल अग्रवाल, दिनेश शर्मा.
0 सारंगढ़ -बिलाईगढ़- मुकेश कुमार अग्रवाल, कोई प्रत्याशी नहीं.
0 सूरजपुर- अशोक कुमार अग्रवाल, रौनक जैन।

## बिजनेस साइट

### मैट्स स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में 'टेक फेस्ट 1.0' का भव्य शुभारंभ



**रायपुर।** मैट्स स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी आरंग रायपुर में टेक फेस्ट 1.0 का भव्य शुभारंभ गुरुवार को हुआ। यह तकनीकी महोत्सव युवाओं के लिए नवाचार और तकनीकी कौशल को बढ़ावा देने का एक अनूठा मंच प्रदान कर रहा है। उद्घाटन समारोह में मैट्स विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार गोकुलनंदा पांडा, कुलपति डॉ. केपी यादव, एमएसईआईटी की निदेशक डॉ. आशा अंभाइकर एवं विभिन्न संकायों के डीन एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। इस अवसर पर कई प्रख्यात विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों से संवाद किया, जिनमें विकास जोशी, पीयूष कुमार कश्यप और आयुष तिवारी प्रमुख रहे।

### हियरिंग केयर सेंटर में निशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर



**रायपुर।** हियरिंग केयर सेंटर (हियर जॅप) द्वारा 26 से 28 मार्च तक निशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर सुबह 10.30 बजे से शाम 7 बजे तक विभिन्न शहरों में आयोजित किए गए हैं, जिसमें रायपुर के बैरन बाजार, कचहरी चौक और शंकर नगर ब्रांच के अलावा बिलासपुर, अंबिकापुर, कोरबा, भिलाई, धमतरी और जगदलपुर भी शामिल हैं। शिविर के दौरान मरीजों को श्रवण यंत्रों पर भारी छूट का लाभ मिलेगा। इसके अलावा सुप्रसिद्ध डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों को कोक्लियर इंप्लांट परामर्श और स्पीच थेरेपी पर विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

# हमें अनाथ करने वालों को दें फांसी मेरे सामने की गई थी बेटे की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- पत्रकारवार्ता में माता-पिता व बहन ने सुनाई व्यथा, की मांग

शहर में नशेड़ियों का हौसला इस कदर बुलंद है कि वे पुलिस से भी नहीं डरते। न्यू चंगोराभाठा स्थित शिव मंदिर के पास रोज गांजा पीने के लिए जमा होने वाले नशेड़ियों को मेरा बेटा सचिन बडोले मंदिर के पास नशाखोरी करने से मना करता था। यह कोई अपराध तो नहीं है, लेकिन आरोपियों ने मेरी आंखों के सामने ही 30 दिसंबर को बेटे सचिन और उसके दोस्त कृष्णा यादव के सिर पर पत्थर पटकर हत्या करके हमें बुढ़ापे में अनाथ कर दिया।

राजधानी में इस तरह की घटना दोबारा न हो, अपराधियों में खौफ पैदा हो इसलिए आरोपियों को न्यायलय फांसी की सजा दे, यही मांग पत्रकार वार्ता के माध्यम से करने के लिए आया हूं। गुरुवार को यह गुहार पीड़ित पिता धनराज, मां चन्द्रलेखा और बहन सपना बडोले ने वार्ता के माध्यम से लगाई। न्यायालय से अपील किया कि मै हार्ट पेशेंट और पत्नी लकवा पीड़ित है। दोनों बेटियां भी शारीरिक रूप से कमजोर हैं। ऐसी स्थिति में सचिन परिवार का इकलौता सहारा था। 70 की उम्र में हमें बेसहारा करने वालों को फांसी की सजा दी जाए। ताकि जो पीड़ा हमें हो रही है। उस तरह की स्थिति किसी अपराधी की वजह से शहर के किसी दूसरे माता-पिता और परिवार को न देखना पड़े। हत्या करने वालों को फांसी की सजा मिलने से दूसरे अपराधियों में भय की स्थिति बने, हमारी यही मंशा है।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

04

घर पर बने हेयर सीरम से बालों का ...

## जॉब लाइव

## चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के तहत 8 पदों के लिए साक्षात्कार 29 को

रायपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा एकीकृत बाल संरक्षण योजना अंतर्गत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 महासमुंद में स्वीकृत 8 पदों के लिए अनंतिम वरीयता सूची जारी कर दी गई है। इन पदों में परियोजना समन्वयक, काउंसलर, चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर एवं केश वर्कर शामिल हैं। पात्र अभ्यर्थियों को आरक्षण अनुसार शनिवार 29 मार्च 2025 को साक्षात्कार हेतु जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान, बीटीआई रोड महासमुंद में आमंत्रित किया गया है। साक्षात्कार के लिए प्रातः 10 बजे का समय निर्धारित किया गया है। सभी अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर साक्षात्कार हेतु अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए महासमुंद जिले की आधिकारिक वेबसाइट www.mahasamund.gov.in पर अवलोकन कर सकते हैं।



### रिक्त 305 पदों पर आज प्लेसमेंट

निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए 28 मार्च 2025 को प्रातः 10.30 बजे से स्थान-जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जिला रायगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है, जिसमें रिक्त विभिन्न 305 पदों पर भर्ती होगी। इच्छुक एवं योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं रिज्यूम के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते हैं। विस्तृत जानकारी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायगढ़ से प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मे. मुथुट माइक्रोफिन लिमिटेड रायपुर में रिलेशनशिप ऑफिसर, मे. फिजिक्स वाला ढिमरापुर रोड रायगढ़ में क्लास इंचार्ज, काउंसलर, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव, मे. चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्रा. लिमिटेड रायगढ़ में सीआरई (कस्टमर रिलेशनशिप एक्जीक्यूटिव), मे. अपराजिता सर्विसेस ढिमरापुर रोड रायगढ़ में वर्कशॉप मैनेजर, मैकेनिक, सेल्स मैनेजर, सेल्समैन, मे. एसबी ट्रेडर्स कबीर चौक कोरबा में ड्राईवर (कैम्पर, बोलेरो), मे. शिवशक्ति एग्रोटेक तेलीबांधा रायपुर में सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव, मे. सिंघल स्टील एंड पावर प्रा. लि. तराईमाल गेरवानी रायगढ़ में सीआरओ (डीआरआई), जूनियर कैमेस्टि/असिस्टेंट कैमिस्ट, फिटर (डीआरआई), सीनियर फिटर (डीआरआई), फील्ड ऑपरेटर (डीआरआई) तथा ट्रेनी एवं मे. पॉवर लाइन एक्सेसरीज भनपुरी रायपुर में टेक्नीशियन एवं अनस्कील्ड के रिक्त पदों पर भर्ती होगी।

● रंग मंदिर के सभागार में विश्व रंगमंच दिवस पर हबीब तनवीर के चर्चित नाटक का मंचन

# सामाजिक ताने-बाने के बीच गुरु की सीख ने आदतन चोर चरणदास को बना दिया ईमानदार

“ एक चोर के पीछे भागते हवलदार की आवाज, कितना भागेगा, मैं पकड़ ही लूंगा। इन संवादों के साथ ही प्रसिद्ध नाट्यकार हबीब तनवीर के चर्चित नाटक चरणदास चोर का शुभारंभ गुरुवार की रात गांधी मैदान स्थित रंग मंदिर के सभागार में हुआ। इसमें सामाजिक ताने-बाने के बीच एक समय ऐसा भी आता है,जब चरणदास (शुभ्रत शर्मा) का सामना गुरु (नीरज शर्मा ) से होता है। तब गुरु द्वारा बताई बातों और दी गई सीख पर अमल करते हुए चरणदास चोरी भी इतनी ईमानदारी से करता है कि व्यवस्था से जुड़े हुए ईमानदार भी उसके सामने चोर नजर आने लगते हैं।





### सच बोलने पर रानी होती है मोहित

इस बीच गीत-संगीत के साथ लोककला और संस्कृति की झलक भी मंच पर देखने को मिलती है। वह एक रानी के पांच सोने के कंगन को चोरी करता है। मंत्री उसे पकड़ने के बाद चोर के सामने प्रस्ताव भी रखता है कि वहां रखे सभी 10 कंचन चोरी करे। चोर ऐसा करने की जगह पांच कंगन की चोरी को कबूल करता है। साथ ही मंत्री से हुई बात को भी लोगों के सामने रखता है। इसमें हवलदार और मंत्री फंसते हैं। चोर की ईमानदारी पर रानी मोहित हो जाती है और उसके सामने शादी करने का प्रस्ताव रखती है, जिसे गुरु की आज्ञा का पालन करते हुए चरणदास इंकार कर देता है।



### नाटक... मतलब हम जो टकटकी लगाकर न देखें

66 वर्षीय महाराष्ट्र नाट्य मंडल के संस्थापक सदस्य 84 वर्षीय वरिष्ठ रंगसाधक अनिल श्रीराम कालेले ने कहा कि हम जो टकटकी लगाकर नहीं देखते, वही नाटक है। टकटकी लगाकर नहीं देखने का आशय नाटक देखते समय त्रुटि नहीं देखने-निकालने को लेकर है। नाटक देखते समय आपकी मानसिकता गलतियां निकालने की न हो, बल्कि एंजाय करने की हो। इस अवसर पर महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले, सचिव चेतन दंडवते, मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन, दिव्यांग बालिका विकास गृह प्रभारी प्रसन्न निमोणकर, संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर ने कालेले का सूतमाला, श्रीफल, शॉल और स्मृति चिह्न से सम्मान किया।

रायपुर। विश्व रंगमंच दिवस पर मां मालती देवी फाउंडेशन द्वारा आयोजित चर्चित नाटक चरणदास चोर को देखने के लिए कलाप्रेमी बड़ी संख्या में दर्शक दीर्घा में मौजूद थे। इनके बीच में वरिष्ठ रंगकर्मी रोहित भूषणवार के निर्देशन में फिल्म निर्माता एवं आटपाट के अध्यक्ष मोहित साहू के प्रयास से दर्शकों को एक सुंदर नाट्य मंचन देखने को मिला। गीत-संगीत के बीच एक पल ऐसा आया, जब गुरु की सीख और हंसी-मजाक के बीच चरणदास सच बोलने के चार संकल्प लेता है। जब चोर ने सच बोलना शुरू किया तो समस्याओं से घिरने लगता है, लेकिन संकल्प पर अडिग रहा। गुरु उसे चार संकल्प दिलाने के बाद चले जाते हैं। सोने की थाली में खाना नहीं खाएगा, जुलूस में हाथी पर नहीं जाएगा, किसी रानी से शादी नहीं करेगा, किसी देश का राजा नहीं बनेगा। चरणदास जब गुरु की बात को आत्मसात करके आगे बढ़ता है।

### शादी के प्रस्ताव से भी किया इंकार

रानी की भूमिका के साथ मंच पर पूनम गड़करी ने न्याय किया। हबीब साहब के म्यूजिक ड्रामा की तर्ज पर नाटक जब आगे बढ़ता है तो चरणदास के सामने संकल्प को तोड़ने की चुनौती आ जाती है। रानी अपने सच्चे प्रेम की कहानी बयां करती हैं, जिसे वह अस्वीकार करते हुए आगे बढ़ता है, इसी तरह बारी-बारी से चरणदास को सोने की थाली में खाना खिलाती है, उसके सम्मान में हाथी घोड़े के साथ बारात भेजती है। उसके साथ शादी करने का अनुरोध करती है, लेकिन चरणदास के इंकार करने पर रानी उसे झूठ बोलने के लिए कहकर चली जाती है, पर चरणदास सच्चाई को चुनता है।

### आकर्षक मंच व संगीत ने मोहा मन

इसमें हवलदार (पिंकू वर्मा) सहित कई ऐसे भी कलाकार थे, जिन्होंने छत्तीसगढ़ी के संवादों से हर किसी को इस विधा की पहचान कराई। उन्होंने न केवल छत्तीसगढ़ी का प्रदर्शन किया, बल्कि अपने अभिनय से नाटक को जीवंत किया। इस नाटक के लिए मंच एवं रूप सज्जा दिनेश धनगर ने की तो गायन किरण साहू और संगीत संतोष चंद्राकर ने दिया। इनके प्रयासों से शानदार मंच के साथ ही मंत्रमुग्ध करने वाला अभिनय दर्शकों को देखने के लिए मिला। जैसे-जैसे नाटक आगे बढ़ता है, वैसे-वैसे चरणदास के जीवन में चुनौतियां भी बढ़ती हैं। एक समय ऐसा भी आता है, जब रानी उसे जान से मारने का फरमान जारी करती है।

## सिटी इवेंट

## आईआईटी और इंडस्ट्रीज को एक साथ आकर काम करने की जरूरत



रायपुर। छत्तीसगढ़ के उद्योगों का तेजी से विकास हो, इसके लिए कौन सी नई तकनीक अपनाई जाए इसे लेकर आईआईटी द्वारा इंडस्ट्री- एकेडेमिया राउंड टेबल कार्यशाला का आयोजन किया गया। आईआईटी के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि आईजी राम गोपाल गर्ग थे। कार्यशाला में आईआईटी के संतोष बिस्वास, आरएंडडी के डीन, विष्णु वैभव द्विवेदी, मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (नवाचार और प्रौद्योगिकी फाउंडेशन), डॉ. सौराद्युति पॉल, एचओडी (सीएसई विभाग), डॉ. सौम्या गंगोपाध्याय, एचओडी (मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग) ने प्रोजेक्टर के माध्यम से आईआईटी के पिछले 7 वर्षों की जर्नी को संक्षेप में बताया। उन्होंने जानकारी दी कि आईआईटी क्या-क्या कर रहा है। यहां के उद्योगों के लिए किन-किन क्षेत्रों में संभावनाएं हैं उनकी तलाश की जा रही है जहां काम किया जा सकता है।

### स्टील मेकिंग में कार्बन कम करने शोध

आईआईटी के प्रो. राजीव प्रकाश ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आईआईटी भिलाई और इंडस्ट्रीज कैसे एक साथ आकर काम कर सकते हैं हमें इस दिशा में सोचने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि आईआईटी भिलाई कई प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहा है। जैसे स्टील मेकिंग में कैसे कार्बन का उत्सर्जन ना हो। आईजी पुलिस रामगोपाल गर्ग ने कहा कि भिलाई और यहां के लोग लक्की हैं कि यहां आईआईटी जैसा इंस्टिट्यूट बना है। आपको जानकर यह आश्चर्य होगा कि दुर्ग पुलिस भी आईआईटी के साथ जुड़ चुकी है। उद्योग संघ के अध्यक्ष केके झा ने भी अपनी बात रखी और इस महत्वपूर्ण कार्यशाला के आयोजन के लिए डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश सहित अन्य प्रोफेसरों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संरक्षक एस. स्वामीनाथन (एटमास्को लिमिटेड), उपाध्यक्ष व्यास प्रसाद शुक्ला, विजय अग्रवाल (शिवा मिनरल), महासचिव अंकित मेहता (मेहता स्टील्स), विवेक झा (शक्ति इंजीनियरिंग), अंशुल जैन (साइनो ऑर्गेनिक), सचिव मयूर कुकरेजा आदि मौजूद थे।



# 1990 दशक के फिल्मी सितारों के लुक में पहुंचे शिक्षक, मिमिक्री ने मचाई धूम

रायपुर। महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में शिक्षकों के लिए 'आ जी लें जरा-रेट्रो' थीम पार्टी का आयोजन किया गया। इस रेट्रो पार्टी में सभी शिक्षकों ने 1960 से 1990 के दशक की फिल्मों से प्रेरित होकर अपने आउटफिट्स पहने, जिसमें अभिनेता और अभिनेत्रियों जैसे जीनत अमान, परवीन बॉबी, मुमताज, राजेश खन्ना, धर्मेंद्र और अन्य के लुक्स को बड़े ही आकर्षक तरीके से पुनः जीवित किया। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य रचनात्मकता को बढ़ावा देना, टीम भावना को प्रोत्साहित करना और सांस्कृतिक विविधता का जश्न मनाना था। कार्यक्रम में कॉलेज के चेयरमैन राजेश अग्रवाल और पूर्व चेयरमैन रमेश अग्रवाल उपस्थित रहे।



### नृत्य के साथ रैम्प वॉक भी

कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एमएस मिश्रा और एडमिनिस्ट्रेटर शिवांगी मिश्रा के नेतृत्व में कार्यक्रम की सफलता को लेकर सभी शिक्षकों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें खेल, नृत्य, गाने, मिमिक्री और रैम्प वॉक जैसी प्रतियोगिताओं ने महफिल को और रोमांचित किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को आकर्षक गिफ्ट और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस यादगार आयोजन के पल संजोने के लिए सभी ने एक साथ तस्वीरें खिंचवाई और अपने अनुभवों को हमेशा याद रखने के लिए इस शानदार पल अपने कैमरे में कैद किया।

# छत्तीसगढ़ की पहली महिला अग्निवीर बनीं फामेश्वरी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले की 21 वर्षीय फामेश्वरी यादव ने अपनी कठिन मेहनत और दृढ़ संकल्प से यह साबित कर दिया कि महिलाएं भी देशसेवा के लिए जान की बाजी लगा सकती हैं। अपनी मेहनत और साहस से फामेश्वरी ने भारतीय सेना में अग्निवीर महिला के रूप में सफलता प्राप्त की और छत्तीसगढ़ राज्य की पहली महिला अग्निवीर बनने का गौरव हासिल किया है। 24 मार्च 2025 को भारतीय सेना में अग्निवीर महिला पुलिस भर्ती का परिणाम घोषित किया गया था, जिसमें फामेश्वरी यादव ने सफलता प्राप्त की। यह छत्तीसगढ़ के लिए एक ऐतिहासिक और गर्व का दिन है।



इस उपलब्धि ने राज्य की अन्य महिलाओं को प्रेरित किया है और भविष्य में अधिक महिलाएं भारतीय सेना में चयनित होकर देशसेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगी। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के अधिकारियों द्वारा फामेश्वरी यादव को सम्मानित किया गया। उनकी ट्रेनिंग 1 मई 2025 से सेना मिलिट्री पुलिस सेंटर, बेंगलुरु कर्नाटक में शुरू होगी। भारतीय सेना ने फामेश्वरी यादव को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं और उनकी सफलता की कामना की है।

## कार्नर न्यूज

कृषि विवि के कैरियर परामर्श, प्लेसमेंट व एलुमनी प्रकोष्ठ द्वारा कार्यशाला का आयोजन

# स्टूडेंट्स ने साक्षात्कार तैयारी और नए स्टार्टअप के सीखे गुर, जीवन के लक्ष्य से जुड़ी शिक्षा का समझा महत्व

रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कैरियर गाइडेंस, प्लेसमेंट एवं एलुमनी प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों के कैरियर को नए आयाम देने और सफलता के नए रास्ते बताने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय तथा महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के 700 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई और सफलता के नए सूत्र सीखे। कार्यशाला में कैरियर मार्गदर्शन, कौशल विकास तथा व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा छात्रों को प्रेरक उद्बोधन दिए गए। इस दौरान विद्यार्थियों ने कैरियर परामर्श, संवाद कौशल विकास, क्रोध एवं तनाव प्रबंधन, आंतरिक शक्तियों का विकास, समय प्रबंधन, बायोडाटा निर्माण एवं साक्षात्कार की तैयारी, नए स्टार्टअप की स्थापना, विदेशों में उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के अवसर आदि विषयों पर सारगर्भित एवं उपयोगी जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यशाला का आयोजन छत्तीसगढ़ बायोटेक प्रमोशन सोसायटी के वित्तीय सहयोग से किया गया।





### जीवन का लक्ष्य तय कर पढ़ाई करनी चाहिए

मुख्य अतिथि डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि हर विद्यार्थी का मुख्य लक्ष्य पढ़ाई के बाद नौकरी या रोजगार प्राप्त करना होता है। अच्छा कैरियर बनाने में सिर्फ किताबी पढ़ाई ही कारगर नहीं होती, बल्कि इसमें छात्रों का व्यक्तित्व, संवाद कौशल, आत्मविश्वास तथा व्यावसायिक कौशल भी महत्वपूर्ण होता है। डॉ. चंदेल ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन का लक्ष्य तय कर उन्हीं पाठ्यक्रमों में पढ़ाई करनी चाहिए, जिनसे उन लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सके। डॉ. चंदेल ने आशा व्यक्त की कि इस कार्यशाला के दौरान विभिन्न विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को सफल कैरियर बनाने में मदद मिलेगी।

### प्रौद्योगिकी विकास को खेतों तक पहुंचाने की जरूरत

महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरआर सक्सेना ने कहा कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय तथा महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए संयुक्त रूप से आयोजित कैरियर विकास पर यह कार्यशाला एक अच्छा एवं स्वागतेय प्रयास है। उन्होंने कहा कि कृषि एवं उद्यानिकी के क्षेत्र में हुए अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी विकास को किसानों के खेतों तक पहुंचाने की जरूरत है और इसमें आप लोग महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा ने कार्यशाला की रूप-रेखा प्रतिपादित करते हुए इसके उद्देश्यों, उपयोगिता एवं भावी परिणामों पर प्रकाश डाला।

### विभिन्न पहलुओं पर दिया मार्गदर्शन

कार्यशाला के दौरान विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को उन विषयों के विभिन्न पहलुओं पर सारगर्भित मार्गदर्शन दिया गया। स्वयंसेवी संस्था एग्रीकॉन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मानस बैनर्जी ने विभिन्न रोचक क्रियाओं एवं गतिविधियों के माध्यम से क्रोध एवं तनाव का प्रबंधन करने के गुर सिखाए। भारत सरकार के जीएसटी विभाग के सुपरिटेंडेंट एवं युवा संस्था के संचालक एम. राजीव ने कैरियर परामर्श एवं संवाद कौशल के बारे में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण सूत्र दिए।

**सिटी लाइव**

## स्टार्टअप और इनोवेशन को बढ़ावा देने पेटेंट की प्रक्रिया समझना आवश्यक



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर में दो दिवसीय 'एन इनसाइट्स इनटू पेटेंट ड्रॉफ्टिंग' राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट सेल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया है। बौद्धिक संपदा अधिकार वैज्ञानिक खोज तक सीमित नहीं है, इसका व्यापक प्रभाव उद्योग, व्यापार, स्वास्थ्य और शिक्षा में भी देखा जा सकता है। यह कहना है आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीके पात्रा का, जो कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

### स्टार्टअप और इनोवेशन को बढ़ावा


इस दो दिवसीय संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला कर रहे हैं, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि टीएल वर्मा ने आईपीआर संबंधित मूलभूत अवधारणाओं और व्यावहारिक उपयोगों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत में स्टार्टअप और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए पेटेंट की प्रक्रिया समझना आवश्यक है। विद्यार्थियों को नवाचार तकनीकों के साथ जोड़कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। इस मौके पर प्रो. शुक्ला ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृत भाषा में वैज्ञानिक खोज और आईपीआर की सामान्य जानकारी विद्यार्थियों को होनी जरूरी है। स्टार्टअप में नवीन तकनीक और नवाचार विचारों से युवा पीढ़ी सशक्त बनेगी। कार्यक्रम में सिकलसेल एनीमिया के निवारण में अपने योगदान का उल्लेख किया और पेटेंट कानून, स्वास्थ्य सेवाओं और अनुसंधान को समझाने का प्रयास किया।

**एसएससी, यूजीसी नेट, जेईई मेन, सीजी पीएससी की तैयारी जारी**

# अप्रैल से जुलाई तक लगातार होंगी 14 परीक्षाएं रीविजन करने लेखन शैली और मॉक टेस्ट पर जोर

सरकारी नौकरी और मनपसंद कॉलेज में दाखिले के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जरूरी है। इन दिनों सभी क्षेत्र में प्रतियोगिता बढ़ गई है, इसके चलते प्रतिभागी दूसरों से कुछ बेहतर करने की योजना बनाते हैं। अप्रैल-जुलाई माह में अनेक प्रतियोगी परीक्षाएं होनी तय हैं, जिसमें अच्छे अंक से ही प्रतिभागी अपने उज्ज्वल भविष्य की नींव रख सकते हैं। इन दिनों एसएससी, यूजीसी नेट, जेईई मेन, सीजी पीएससी जैसे अनेक विभागों में दाखिले की तैयारी जारी है, जिसमें प्रतिभागी अपनी कड़ी मेहनत से सफलता हासिल करेंगे।

**रायपुर।** शहर स्थित विभिन्न संस्थाओं द्वारा परीक्षा की तैयारी शुरू हो गई है, इसमें लेखनशैली, वाक्य और शब्दों का सही प्रयोग, शॉर्ट नोट्स, कठिन प्रश्नों को लंबे समय तक याद रखने की टेक्निक और क्लास टेस्ट से रीविजन कराया जा रहा है। संस्थान प्रबंधकों ने बताया कि सभी परीक्षा में तैयारी सही रूपरेखा के साथ की जाए तो सफलता निश्चित मिलती है। तैयारी के दौरान अभ्यर्थी का दृढ़ निश्चय और सीखने का जुनून उन्हें सफल बनाता है। परीक्षा की तैयारी शुरू करने से पहले सिलेबस को समझें और पिछले कुछ वर्षों के प्रश्नपत्रों से तैयारी करें, ऐसा करने से प्रतिभागियों की आधी समस्या दूर हो जाती है और वे बेहतर ढंग से तैयारी पूर्ण कर सकते हैं।




### लेखन शैली का अभ्यास करें अभ्यर्थी

सीजी पीएससी परीक्षा में कुल 7 विषयों का अध्ययन किया जाता है, जिसमें सभी को समझने और याद करने का अलग टेक्निक है। प्रशिक्षक केएम अग्रवाल ने बताया कि तैयारी की शुरुआत लेखन शैली से की जाती है। अंक के आधार पर निश्चित रूप से सटीक और प्रभावित शब्दों का चयन कर लिखना जरूरी है, सभी प्रतिभागी अपने उत्तरपुस्तिका को व्यर्थ के विषयवस्तु से न भरें।

### पाठ्यक्रम समझना जरूरी

यूजीसी नेट की तैयारी के दौरान अभ्यर्थी अपने यूजी और पीजी के पाठ्यक्रम की तैयारी पहले करें, प्रश्नपत्र दो भागों में विभाजित किया जाता है। पेपर-1 में सामान्य ज्ञान और कॉलेज के पाठ्यक्रम के अनुकूल प्रश्न पूछे जाएंगे, वहीं पेपर-2 में निर्धारित विषय के प्रश्न होते हैं। विद्यार्थी केवल पाठ्यक्रम की अच्छी तैयारी करें और पिछले साल के प्रश्नपत्र को हल कर अभ्यास करें।

### एनसीईआरटी की किताबों से जेईई मेन की तैयारी

प्रशिक्षक कुणाल सिंह ने बताया कि पिछले कुछ सालों के पेपर में सबसे ज्यादा प्रश्न एनसीईआरटी की किताबों से ही पूछे गए हैं। जेईई मेन्स के अध्ययन के दौरान कैमिस्ट्री विषय की तैयारी एनसीईआरटी की टेक्स्ट बुक्स व अन्य स्टडी मटेरियल से करना सही रहेगा, कठिन विषयों के प्रश्नों को लगातार हल करके देखें। फिजिक्स विषय की तैयारी के दौरान 12वीं की किताबों की मदद ले सकते हैं, परीक्षा में प्रश्न स्कूल के सिलेबस के आधार पर ही तय किए जाते हैं। कैमिस्ट्री विषय में बॉयोमोलीक्यूल, कैमिस्ट्री इन एवरीडे लाइफ, पॉलीमर, सरफेस कैमिस्ट्री, एनवायरमेंटल कैमिस्ट्री, सॉलिड स्टेट, मेटलर्जी व कॉर्डिनेशन कैमिस्ट्री टॉपिक्स महत्वपूर्ण हैं।

### महत्वपूर्ण अध्याय को समझें

प्रशिक्षक अंकित अग्रवाल ने बताया कि संस्थान में एडीओ, एडीआई और पटवारी परीक्षा की तैयारी नियमित रूप से संचालित की जा रही है। पाठ्यक्रम में प्रत्येक अध्याय से निश्चित अंक निर्धारित किए गए हैं, जिससे पढ़ाई सरल हो जाती है। सामान्य ज्ञान के प्रश्नों के लिए भी निश्चित प्रतिशत तय है, इसलिए अधिक समय महत्वपूर्ण अध्याय में लगाएं।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की समय सारिणी



**एसएससी सीजीएल**
परीक्षा तिथि-जून-जुलाई
अधिसूचना - 22 अप्रैल को जारी की जाएगी।
आवेदन तिथि- 22 अप्रैल से 21 मई तक

**सलेक्शन पोस्ट एग्जामिनेशन फेज XIII**
परीक्षा तिथि- जून-जुलाई
आवेदन तिथि-16 अप्रैल से 15 मई तक

**जेएसए,एलडीसी, एसएसए यूडीसी और एएसओ ग्रेड लिमिटेड विभागीय प्रतियोगी परीक्षा**
परीक्षा तिथि- अप्रैल-मई
परीक्षा का प्रकार- पेपर- I (सीबीई)

**एनयूसीएटी परीक्षा**
परीक्षा तिथि-अप्रैल और जून
आवेदन की अंतिम तिथि- 8 अप्रैल
परीक्षा का आयोजन-12-14 अप्रैल तक

**जेईई परीक्षा सत्र 2**
परीक्षा तिथि-2-8 अप्रैल को पेपर-1 (बीई/बीटेक) और पेपर-2, 9 अप्रैल

**यूजीसी नेट**
परीक्षा तिथि- जून माह के दूसरे सप्ताह में संभावित

**सीजी पीईटी परीक्षा**
परीक्षा तिथि- 8 मई

**भारतीय सेना में अग्निवीर परीक्षा**
परीक्षा तिथि- 22 अप्रैल से

**समाज लाइव**

## श्री गुजराती लोहाणा समाज 30 मार्च को मनाएगा कुलदेव दरिया लाल बापा जयंती



**रायपुर।** श्री गुजराती लोहाणा समाज द्वारा 30 मार्च को कुलदेव दरिया लाल बापा की जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। राजधानी के लोहाणा समाज ने इस अवसर को विशेष बनाने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। समाज के अध्यक्ष किशन भाई मिरानी की अध्यक्षता में समाज की प्रमुख इकाइयों, महिला मंडल और युवा मंडल की संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें इस दिन के कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया। समाज के जनसंपर्क अधिकारी प्रकाश पारपाणी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह आयोजन आशीर्वाद भवन, बैरन बाजार में मनाया जाएगा। सुबह आराध्य देव की स्थापना और पूजा-अर्चना की जाएगी। दिनभर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विशेष रूप से दोपहर में स्वास्थ्य कैंप लगाया जाएगा, जिसमें थेलेसिमिया की निशुल्क जांच की जाएगी। इसके अलावा दंत जांच और आयुष्मान कार्ड बनाने का शिविर भी आयोजित किया जाएगा।

### 108 दीपों से महाआरती

शाम को हमारे बुजुर्ग, हमारी धरोहर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाज के 75 वर्ष पूर्ण कर चुके बुजुर्गों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह में महापौर मीनल चौबे, रायपुर नगर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौर और एमआईसी मेंबर महेंद्र खोड़ियार को भी सम्मानित किया जाएगा। समारोह के बाद दरिया लाल देव को छप्पन भोग चढ़ाया जाएगा और रात्रि 7 बजे 108 दीपों की महाआरती होगी। इस विशेष अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायिका शीतल व्यास द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। बैठक में लोहाणा महाजन के अध्यक्ष किशन मिरानी समेत हितेश रायचुरा, प्रकाश पुजारा, ललित जोबनपुत्रा, भरत चरोड़ा, प्रकाश पारपाणी, जितेंद्र गंडेचा, शरद मिरानी, रमेश नथवानी, अंजनी पारेख, रश्मि मिरानी, नेहा माणेक, प्रिया पारपाणी, राजेश लाखाणी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

**झूलेलाल सरोवर कैंपस में देर रात तक सिंधी समाज का आयोजन**

# पैराशूट शो में जगमगाई ज्योति, बाइक रैली में छलका उत्साह, सिंगर्स ने मचाई धूम

**रायपुर।** चेट्रीचंड्र को लेकर सिंधी समाज में उत्साह का माहौल बनने लगा है। वरुण अवतार भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव को सिंधुजन हर वर्ष बड़े धूमधाम से मनाते हैं। इस साल जय झूलेलाल महोत्सव समिति ने भी सामाजिक एकता की मिसाल पेश करने के लिए लाखेनगर से भव्य बाइक रैली निकाली। इसमे संतों के साथ समाज के मुखी एवं हर वर्ग के लोग शामिल होने से यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए देर शाम को कटोरा तालाब स्थित झूलेलाल सरोवर पहुंचने पर इसका समापन किया गया। जहां पर आरती-पूजन के बाद एक अनोखा आयोजन किया गया। इसमें पल्लव के बाद आकाशीय ज्योत पैराशूट के रूप में भगवान झूलेलाल को समर्पित की गई। साथ ही रंगारंग प्रोग्राम के बीच भव्य आतिशबाजी की गई।



### झांकियों से उत्सव का रूप देने समाज ने लिया निर्णय

सिंधी समाज भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस पर चेट्रीचंड्र महोत्सव समिति 58वें साल भी लाखेनगर मैदान पर मध्याह्न 12 से 3 बजे के बीच 30 मार्च को भव्य शोभायात्रा का आयोजन करने की तैयारी में है। इसमें आकर्षक झांकियों के साथ जहां शोभायात्रा निकाली जाएगी, वहीं विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में तय किया गया है। मुखी मनूमल, डॉ. भीमनदास बजाज, झामनदास अठवानी, लखमीचंद, लालचंद गुलवानी, दीपक कृपलानी, महेश पृथ्वानी प्रमुख रूप से शामिल होंगे।

### अब युवाओं के बीच में होगी स्पर्धा

भगवान झूलेलाल की मूर्तियों को घरों के साथ-साथ मंदिरों में भी स्थापित किया गया है। इससे हर जगह उत्सव का माहौल बनने लगा है। युवाओं और बच्चों के बीच अब स्पर्धा का सिलसिला शुरू हो गया है। जगह-जगह होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए युवा और बच्चे प्रतिभागी के रूप में भागीदारी निभाने के लिए उत्साहित नजर आ रहे हैं। सिंधु एकता संघ के संस्थापक सुभाष बजाज और आयोजन के संयोजक रमेश मिरघानी ने बताया कि शुक्रवार से होने वाली प्रतियोगिता पर पैनी नजर रखी जाएगी। अध्यक्ष चंद्रकुमार माखीजा ने बताया कि सिंधु एकता संघ द्वारा संत लालदास की प्रेरणा, संत युधिष्ठिर लाल और अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में मनाया जा रहा पांच दिवसीय भगवान झूलेलाल का उत्सव अब महोत्सव का रूप लेने वाला है।

## बच्चों ने रक्तदान को बताया जीवनदान जरूरतमंदों की मदद के लिए दी राशि



**रायपुर।** भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर गुरुवार को सुबह 6.30 बजे भैरव सोसायटी में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। श्री विमलनाथ जैन मंदिर, भैरव सोसायटी में सुबह भगवान महावीर की स्तुति कर भगवान महावीर स्वामी की संदेश यात्रा निकाली गई। समिति की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान बच्चों ने आकर्षक वेशभूषा में डोनेट ब्लड सेव लाइफ का संदेश दिया। शिविर में कुल 21 लोगों ने रक्तदान किया। वहीं बुधवार को 11 लोगों ने ब्लड डोनेट किया था। समिति के अध्यक्ष महावीर कोचर, महासचिव सिद्धार्थ डागा एवं कोषाध्यक्ष वीरेंद्र डागा ने बताया कि 15 दिवसीय रक्तदान शिविर में इकट्ठे होने वाले ब्लड यूनिट को ब्लड बैंक, समाजसेवकों और एनजीओ के माध्यम से जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाएगा।

### पैसे एकत्र कर दिया दान

खरतरगच्छ महिला परिषद, भैरव सोसायटी ने जीवदया का बेमिसाल उदाहरण पेश किया। भगवान महावीर महोत्सव के दौरान गुरुवार को परिषद की महिलाओं ने संतोषी नगर स्थित हरिओम गोशाला में गायों को चारा, अनाज और सब्जियां खिलाईं। साथ ही बीमार गायों के उपचार और दवाइयां के लिए महिलाओं ने अपने खर्च से बचाए हुए पैसे इकट्ठे कर दान किया। परिषद की करुणा सिंघी और भावना संकलेचा ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी जयंती महोत्सव के अवसर पर हमने जीवदया के प्रकल्प को चुना। इस नेक कार्य में हमारा परिषद की सभी महिलाओं ने साथ दिया और कार्यक्रम सफल हुआ।

# शीतला माता मंदिर में 250 सांग, नवरात्रि के प्रथम दिन से शुरू होगा पंजीयन



**रायपुर।** नवरात्रि महापर्व में देवी मंदिरों में तैयारी जोर-शोर से शुरू हो गई है, सभी मंदिर परिसर में रंगरोगन कार्य जारी है। चैत्र नवरात्रि में छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं परंपरा के अनुसार घरों में ज्योत-जंवारा लगाया जाता है, जिसे आराध्य की तरह पूजा जाता है। आस्था के पर्व में राजधानी के अनेक घरों में नौ दिनों तक हर्षोल्लास के साथ नवरात्रि मनाई जाएगी।



आमापारा स्थित शीतला माता मंदिर में सांग और बाना श्रद्धालुओं को दिया जाता है, जिसका पंजीयन नवरात्रि के प्रथम दिन 30 मार्च से शुरू होगा। इन दिनों मंदिर में साफ-सफाई और सांग-बाना को तैयार किया जा रहा, ताकि आवश्यकतानुसार भक्त उनका प्रयोग कर सके। शहर के एक मात्र देवी मंदिर में सांग और बाना भारी संख्या में उपलब्ध हैं, जिसे श्रद्धालु 501 रुपए की निश्चित राशि देकर पंजीयन दर्ज करा सकते हैं।

### देवी मंदिर में सांग और बाना

*आमापारा स्थित शीतला माता मंदिर के पुजारी राकेश पांडे ने बताया कि मंदिर में 250 सांग और बाना हैं, जो प्राचीन समय से मंदिर परिसर में ही उपलब्ध हैं। चैत्र नवरात्रि पर प्रथम दिन से पंजीयन कार्य शुरू हो जाता है, श्रद्धालु अपनी आस्था के अनुसार पंचमी तक पंजीयन कराते हैं। इस मौके पर पंचमी के दिन ढोल-बाजे के साथ श्रद्धालु परिसर से सांग और बाना घर ले जाते हैं। घर से धारण करने के बाद देवी मंदिरों में विसर्जन के बाद ही सांग-बाना निकाला जाता है। मान्यता अनुसार श्रद्धालु ज्योत-जंवारा बोने एवं मन्नत के आधार पर इसे धारण करते हैं।*

**इस वर्ष नवरात्रि 8 दिनों की होगी** : मंदिर के पुजारी ने बताया कि नवरात्रि पर ज्योति कलश प्रथम दिन सुबह 11.36 बजे शुभ मुहूर्त में प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इस वर्ष ज्योति कलश के लिए 700 का लक्ष्य तय किया गया है, श्रद्धालुओं द्वारा अब तक 580 ज्योति कलश का पंजीयन किया जा चुका है। इस साल चैत्र नवरात्रि 8 दिनों की होने वाली है, जिसमें द्वितीय-तृतीय दिन एक साथ मनाया जाएगा। अष्टमी की रात्रि 12 बजे मंदिर से ज्योति कलश गुप्त रूप से विसर्जित किया जाएगा, जिसके लिए तालाब के घाट की साफ-सफाई शुरू हो गई है।




## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जस्टिन बीबर ने पत्नी हैली की शेयर की प्यारी तस्वीर, ऐसे जताया प्यार

पॉप स्टार जस्टिन बीबर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी पत्नी हैली की एक प्यारी तस्वीर शेयर की है, जो अब प्रशंसकों के बीच जमकर वायरल हो रही है। अब प्रशंसक उनकी इस पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया लगातार दे रहे हैं।



जस्टिन बीबर ने हैली की एक बेहद ही प्यारी तस्वीर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है, जिसमें वह शानदार पोज देती नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में हैली ने कैजुअल आउटफिट पहना हआ है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। इस तस्वीर में हैली किसी को देखकर मुस्कुराती नजर आ रही हैं। जस्टिन ने जैसे ही हैली की यह तस्वीर अपने इंस्टाग्रम पर शेयर की वैसे ही फैंस की प्रतिक्रिया आने लगी। एक यूजर ने लिखा, 'हैली के पास आपका फोन है', एक और यूजर ने लिखा, 'हम तुम से बहुत प्यार करते हैं हैली', एक और यूजर ने लिखा, 'आई लव यू बोथ'। जस्टिन और हैली ने साल 2018 में डेटिंग शुरू की थी और कुछ ही महीनों बाद दोनों ने शादी कर ली थी। जस्टिन बीबर ने इंस्टाग्राम पर एक बीटीएस वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह संगीतकारों के साथ काम करते नजर आ रहे थे। इसके साथ ही उन्होंने इस वीडियो के साथ एक खास नोट भी लिखा था। जस्टिन ने लिखा था, 'उन्हें हमेशा दूसरों को खुश करने का दबाव महसूस होता है, जिससे वह अब थक गए हैं। यही वजह है कि इस दबाव में वह कभी-कभी खुद को खो देते हैं और उन्हें लगता है कि वह दिखावा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी लिखा कि वह खुद से नफरत करते हैं, जब वह दूसरों को खुश करने के लिए खुद को बदलते हैं।'

### टॉलीवुड

## जूनियर एनटीआर को देखकर खुशी से झूम उठे जापानी फैंस, साझा की तस्वीर

जूनियर एनटीआर ने जापान में अपने फैंस से मिले प्यार का वीडियो साझा किया है। इसमें जापानी फैंस खुशी से झूमते हुए नजर आए। अभिनेता की फिल्म 'देवराः पार्ट 1' जल्द ही वहां रिलीज होने वाली है, जिसके प्रचार के लिए इन दिनों वह जापान में हैं।



तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर इन दिनों जापान में अपनी नई फिल्म 'देवराः पार्ट 1' के प्रचार में व्यस्त हैं। यह फिल्म वहां 28 मार्च 2025 को रिलीज होने वाली है। कोरटाला शिवा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2024 में भारत में ठीक-ठाक कमाई करने में सफल रही थी। अब यह जापानी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने की पूरी कोशिश में है। हाल ही में जूनियर एनटीआर ने अपने एक्स (पहले ट्विटर) हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह ऑडिटोरियम में दाखिल होते दिख रहे हैं। वहां मौजूद फैंस की भीड़ ने तालियों के साथ उनका स्वागत किया। अपने पसंदीदा सुपरस्टार को देखते ही लोग खुशी से झूम उठे। वीडियो में जूनियर एनटीआर सीढ़ियों से गुजरते हुए फैंस को हाथ हिलाते और फ्लाइंग किस देते नजर आए। इस वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, ₹जापान, मैं अभिभूत हूं! 28 मार्च से जापानी दर्शकों के लिए सिनेमाघरों में देवरा रिलीज हो रही है। इस अनुभव करने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकता।₹

जापान पहुंचते ही जूनियर एनटीआर को वहां के फैंस से गजब का प्यार मिल रहा है। वह प्रचार कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं और सोशल मीडिया पर अपने खास पलों को शेयर कर रहे हैं। 'आरआरआर' की शानदार सफलता के बाद उनकी ग्लोबल फैन फॉलोइंग में अच्छा इजाफा नजर आया है। जापान में उनका यह दौरा 'देवराः पार्ट 1' की कमाई को और बढ़ाने वाला साबित हो सकता है।

### भोजपुरी

## एक मां की ममता और तंत्र विद्या में 'खिलौना' बताएगा किसकी होगी जीत

भोजपुरी सिनेमा की एक खास बात ये है कि इसकी कहानियां अभी भी समाज से जुड़ी हुई हैं। खासकर देश के ग्रामीण इलाकों से जुड़ी ये कहानियां बड़े पर्दे पर धमाल भी मचाती हैं। इसी कड़ी में एक और नई भोजपुरी फिल्म 'खिलौना' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। एमआई राज के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को माया यादव ने प्रोड्यूस किया है। जबकि कृष्णा यादव इसके एक्जीक्युटिव प्रोड्यूसर हैं। 'खिलौना' के 4 मिनट 23 सेकेंड के ट्रेलर में वह सबकुछ है, जो आपको इस फिल्म को देखने के लिए रिझाता है। ट्रेलर की शुरुआत एक खिलौना बेचने वाली से होती है, जो धीरे-धीरे एक प्यार में डूबे आशिकों और फिर उनकी शादी और परिवार की बानगी बन जाती है।



'खिलौना' में काजल यादव, माया यादव और राज कुमार जहां मुख्य भूमिकाओं में हैं, वहीं इसमें हीरा लाल यादव, निशा सिंह, रंजीत सिंह, गोपाल चौहान, और रश्मि शर्मा भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। फिल्म की कहानी में एक नई नवेली दुल्हन है। उसका बच्चा है। एक अनहोनी है और फिर तंत्र विद्या का तांडव भी है। 'खिलौना' एक इमोशनल ड्रामा है, जिसमें संगीत का भी पूरा ध्यान रखा गया है। करीब साढ़े चार मिनट के ट्रेलर में ही हमें तीन-चार गानों की झलक मिल जाती है।

लाइफ स्टाइल

### सूर्योदय का फैशन




अरूणाचल प्रदेश को 'सूर्योदय का देश'कहा जाता है। यहां के परंपरागत फैशन को आज दुनिया भर में एक अलग जगह दी जाती है। कुछ पहनावा तो परंपरागत ढंग से चला आ रहा है।यहां 'पोमो' या 'पार ईज'जैसे ड्रेस पहनने के पारंपरिक तरीके नहीं हैं, फिर से वर्तमान दुनिया के साथ तालमेल बिठाते हुए फैशन शो में इसे सर्वोत्तम संभव तरीके से पहना जाता है।

## घर पर बने हेयर सीरम से बालों का झड़ना होगा बंद, जानें बनाने का तरीका

मौसम कोई भी हो झड़ते बालों की समस्या हर किसी को होती है। इससे बचने के लिए अक्सर हम अलग-अलग प्रोडक्ट का इस्तेमाल भी करते हैं। वहीं कुछ प्रोडक्ट ऐसे होते हैं जिनके ज्यादा इस्तेमाल से बाल ज्यादा झड़ने शुरू हो जाते हैं। ऐसे में आप यहां बताए गए घरेलू नुस्खों को ट्राई कर सकती हैं। इससे बाल झड़ने कम हो जाएंगे।

### एलोवेरा जेल और एसेंशियल ऑयल का करें इस्तेमाल

एलोवेरा जेल बालों के लिए काफी अच्छा होता है इसलिए आप इसका इस्तेमाल बालों के लिए कर सकती हैं। एसेंशियल ऑयल भी बालों की ग्रोथ के लिए अच्छा होता है।

सामग्रीः एलोवेरा जेल-2 चम्मच एसेंशियल ऑयल-2 चम्मच नारियल का तेल- 1-2 चम्मच

### एलोवेरा जेल और एसेंशियल ऑयल बालों में करें इस्तेमाल

इसे बनाने के लिए सबसे पहले आपको एक कटोरी में एलोवेरा जेल और एसेंशियल ऑयल डालें। अब इसमें नारियल का तेल मिक्स करें। इसके बाद एक बोतल में डालकर रखें। फिर इसे हेयर सीरम की तरह इस्तेमाल करें और स्कैल्प (होममेड हेयर सीरम बनाने का तरीका)



की मसाज करें।इसके बाद 30 मिनट के लिए इसे बालों में लगा रहने दें। फिर अपने बालों में शैंपू का इस्तेमाल करके साफ कर लें।

### झड़ते बालों की समस्या को कम करेंगे यह उपाय

**कैस्टर ऑयल और विटामिन ई हेयर सीरम :** बाजार में आपको कई तरह के अलग-अलग हेयर सीरम मिल जाएंगे। जिन्हें आप बालों में अप्लाई करेंगी। लेकिन आप चाहे तो घर पर भी इसे तैयार कर सकती हैं। इससे बालों का झड़ना कम हो जाएगा। इसके लिए एक कटोरी में कैस्टर ऑयल डालें। अब इसमें विटामिन ई का कैप्सूल एड करें।

## सिंपल सूट को हैवी लुक देने के लिए इन टिप्स को करें फॉलो, लुक दिखेगा आकर्षक



स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको स्टाइलिंग करते समय लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के साथ-साथ अपनी बॉडी टाइप का खास ख्याल रखना जरूरी होता है।



स्टाइलिश दिखना बिल्कुल भी आसान नहीं होता है। इसके लिए आपको हर छोटी-बड़ी चीज का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। वहीं सूट पहनना हम सभी पसंद करते हैं और इसके कई डिजाइन और वैरायटी आपको मार्केट में देखने को मिल जाएगी।

आजकल की बात करें तो अब प्लेन या मिनिमल डिजाइंस को काफी पसंद किया जाने लगा है, लेकिन इसे हैवी लुक देने के लिए आज भी कई हैक्स मौजूद हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं उन हैक्स की जिनकी मदद से आप आसानी से प्लेन और सिंपल सूट को हैवी लुक दे सकती हैं और अपने स्टाइल स्टेटमेंट को अपग्रेड कर सकती हैं।

### सूट के गले को कैसे दे आकर्षक लुक?

सूट के गले को आकर्षक लुक देना चाहती हैं तो इसके लिए आप प्लेन सूट पर पैच वर्क लगवा सकती हैं। इस तरह के रेडीमेड नेक पैच का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके अलावा आप चाहे तो बटन भी लगवा सकती हैं। वहीं अगर आप गले में हैवी डिजाइन नहीं बनवाना चाहती हैं तो नेकलाइन के लिए कोई स्टाइलिश डिजाइन को चुन सकती हैं।

### सूट में कैसे करें लेस का इस्तेमाल?

सूट में लेस वर्क का इस्तेमाल आप कई तरीके से कर सकती हैं। लेस लगाने के लिए आप प्लेन फैब्रिक को खरीदकर सूट को बनवा सकती हैं और उसे आकर्षक लुक देने के लिए इसमें तरह-तरह से लेस लगवा सकती हैं। लेस में आपको गोटा-पट्टी, पाइपिंग और चिकनकारी डिजाइन की लेस को लगवा सकती हैं। इस तरह लेस को आप घेरे, स्लिट, बाजू, नेक लाइन पर लगवा सकती हैं।

## त्वचा की रंगत निखारने से लेकर एंटी-एजिंग तक, इस्तेमाल करें मुलेठी


स्किन इंफेक्शन होने पर मुलेठी का इस्तेमाल किया जा सकता है। मुलेठी के इस्तेमाल से त्वचा की रंगत निखरने लगती है। मुलेठी से आप फेस पैक बना सकती हैं।

स्वास्थ्य के लिए मुलेठी बेहद फायदेमंद होती है। खांसी-जुखाम से लेकर डेंगू जैसी गंभीर बीमारी से राहत पाने के लिए मुलेठी का इस्तेमाल किया जाता है। क्या आप जानती हैं कि चेहरे पर भी मुलेठी पाउडर का उपयोग किया जा सकता है? त्वचा संबंधी कई तरह की समस्याओं से निजात पाने के लिए मुलेठी लाभकारी है।

चेहरे पर मुलेठी लगाने के फायदों के बारे में हमने ब्यूटी एक्सपर्ट शहनाज हुसैन से बात की है। चलिए उन्हीं से जानते हैं कैसे करें चेहरे पर मुलेठी का उपयोग।

### मुलेटी से कैसे बनाएं ग्लोइंग स्किन के लिए पैक?

मुलेठी के उपयोग से त्वचा की रंगत निखरने लगती है। इसमें ग्लेब्रेन तत्व पाया जाता है, जिससे त्वचा का रंग साफ होने



लगता है। आप मुलेठी से फेस पैक बना सकती हैं। पैक बनाने के लिए ये स्टेप्स फॉलो करें-


त्वचा की रंगत निखारने के लिए 4 चम्मच मुलेठी पाउडर में 2 चम्मच गुलाब जल डालें। अब दोनों चीजों को अच्छे से मिला लें। आप चाहें, तो पैक बनाने के लिए गुलाब जल के बजाय खीरे के रस का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इस पैक को अपने चेहरे और गर्दन पर अच्छे से लगा लें। पैक के एक लेयर बननी चाहिए।

## आंखों के नीचे पड़ रहे हैं एजिंग स्पॉट्स, तो अपनाएं ये ब्यूटी हैक्स

40 की उम्र होने के बाद आखों के नीचे पड़ रही हैं झाइयां, तो ये घरेलू नुस्खे आपके आ सकते हैं काम। एक बार जरूर ट्राई करके देखें। उम्र बढ़ने के साथ-साथ त्वचा में बहुत सारे बदलाव आते हैं। आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स आना या फिर झाइयां पड़ना भी इन्हीं में से एक। यह दिक्कत आम तौर पर हर किसी को उम्र के 35वें पड़ाव पर पहुंचते-पहुंचते हो जाती है। खासतौर पर 40 की उम्र की महिलाओं के चेहरे पर आपको एजिंग स्पॉट्स नजर आए जाएंगे। ब्यूटी एक्सपर्ट डॉक्टर भारती तनेजा कहती हैं, ₹ आंखों के नीचे का हिस्सा गतिशील नहीं होता है, इसलिए एजिंग स्पॉट्स आने की सबसे ज्यादा संभावनाएं वहीं होती हैं। इसलिए आपको चेहरे की मसाज नियमित करनी चाहिए और आप रसोई में मौजूद कुछ चीजों का भी प्रयोग कर सकती हैं। ₹

### क्यों पड़ते हैं आंखों के नीचे एजिंग स्पॉट्स?

एज फैक्टर के अलावा इसके दो कारण हो सकते हैं। पहले तो यह कि आंखों के नीचे आप मसाज नहीं



करती हैं और दूसरा यह कि आप बहुत ज्यादा धूप में रहती हैं। दरअसल, धूप में रहने की वजह से त्वचा में मेलेनिन ज्यादा बनने लगता है और इससे चेहरे पर डार्क स्पॉट्स उभर आते हैं।

एलोवेरा जेल और गुलाबजल को मिक्स करके आइस ट्रे में मिश्रण को डालें और आइस क्यूब्स बना लें। फिर आप इन आइस क्यूब्स को आंखों के नीचे लगाएं। नियमित रूप से आप 5 मिनट ऐसा करें। इससे आपकी आंखों के नीचे के डार्क सर्कल्स और स्पॉट्स दोनों ही गायब हो जाते हैं। ग्रीन-टी के पानी में नींबू के रस की 5 बूंद मिक्स करें और इसे ठंडा कर लें। फिर आप इस मिश्रण में कॉटन बॉल्स को डिप करें और इस मिश्रण को आंखों के आस-पास लगाएं।

### कार्नर न्यूज

### ब्लैक जींस को आप दे सकते हैं न्यू लुक

## रंगत उतर गई है आपके ब्लैक जींस की तो अपनाइए इन टिप्स को, निखरेगी स्टाइल

पैंट के मामले में हर किसी की पसंद अलग अलग हो सकती है, लेकिन जब बात जींस की हो, तो सबकी पसंद एक ही होती है। ऐसा माना जाता है कि पुरुषों के वार्डरोब में चाहे किसी भी कलर की जींस हो या न हो, लेकिन ब्लैक जींस हर किसी के वार्डरोब का हिस्सा होती है। ब्लैक जींस को लेकर ये आम धारणा है कि इसे पहनने के कुछ समय बाद इसका रंग फेड हो जाता है। अब हम जींस के फेड हुए कलर का तो कुछ नहीं कर सकते, लेकिन आपको कुछ ऐसे टिप्स जरूर बता सकते हैं जिनकी मदद से आप ब्लैक जींस का कलर फेड होने से रोक सकते हैं और जरुरत पड़ने पर जींस को फिर से डाई भी कर सकते हैं।

इन टिप्स का अपनाकर आप अपनी फेड हुई जींस को फिर से नया बना सकते हैं और अपनी स्टाइल को अपडेट भी रख सकते हैं। सबसे आप टिप्स में ये समझिए कि कैसे आप अपनी फेड हुई जींस को फिर से डाई कर सकते हैं।



### जींस डाई करने के लिए समय निकालें

ये सबसे जरूरी बात है। जब भी आप अपनी जींस को डाई करना चाहें, तो सबसे पहले उसके लिए आपको समय की जरुरत है। याद रखिए ये काम जल्दबाजी का नहीं है। आप वो वक्त चुनें, जब आपके पास कुछ घंटे का समय हो। जींस को डाई करने से पहले उसे अच्छी तरह से धो लें। इसका कारण यह है कि अगर आपकी जींस गंदी है, तो वो डाई को अच्छी तरह से नहीं सोख पाएगी और आपकी सारी मेहनत बेकार हो जाएगी।

### सही डाई कलर का चुनाव करें

जींस डाई करने से पहले आपको सही डाई कलर का चुनाव करना आना चाहिए। आपको डाई कलर लिक्विड और पाउडर दोनो फॉर्म में मिल जाएंगे। डाई का इस्तेमाल करने से पहले आपको उसके बॉक्स पर लिखे इन्सट्रक्शन को भी ध्यान से पढ़ लेना चाहिए। ये इसलिए जरूरी है क्योंकि लिक्विड डाई ज्यादा कंसंट्रेट होती है। पहले से ही पानी में घुले होने के कारण इसे कम यूज करना होता



है। वहीं, अगर आप पाउडर डाई का चुनाव कर रहे हैं, तो आपको उसे पहले गरम पानी में घोलना होता है। इसके अलावा पानी और डाई की मात्रा का ध्यान रखना भी बेहद आवश्यक है।

### जरूरी चीजों को इकट्ठा करना

जींस डाई करने से पहले इस्तेमाल में आने वाली सभी जरूरी चीजों को एकत्रित कर लें। आपको डाई करने के लिए मेटल की एक बड़ी चम्मच, रबर के ग्लव्स, टब और न्यूजपेपर जैसी चीजों की जरुरत पड़ेगी। आप जिस जगह पर डाई करने जा रहे हैं, वहां न्यूजपेपर बिछा लें, ताकि डाई फर्श पर न लगे।

### जींस को कलर सोखने दें

डाई के बॉक्स पर लिखे इन्सट्रक्शन के अनुसार जींस को कलर सोखने दें। याद रखिए जींस जितनी देर तक सोखेगी, आपको कलर भी उतना ही डार्क मिलेगा। बस टब या बाल्टी में जींस डालने के बाद उसे बीच बीच में चलाते रहें, ताकि पूरी जींस एकसमान तरीके से डाई होगी। आप चाहें तो डाई फिक्सेटिव का भी इस्तेमाल कर सकते हैं, जो जींस पर कलर को रोकने का काम करेगा।

जींस को धोएं और सुखाएं

डाई करने के बाद जींस को ठंडे पानी में धोएं। धोने के लिए जेंटल डिटर्जेंट का प्रयोग करें। अगर आप वॉशिंग मशीन में जींस को धो रहे हैं तो उसके साथ कोई अन्य कपड़ा न धोएं। ड्रायर का प्रयोग करते समय भी इस बात का ध्यान अवश्य रखें।